दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# सरकारी कर्मचारियों को मोदी सरकार का तोहफा

## ■ केंद्र सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम को मंजूरी दी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार न्यू पेंशन स्कीम (NPS) की जगह अब केंद्रीय कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS) लेकर आई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार, 24 अगस्त को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट बैठक इसे मंजूरी दी गई। UPS एक अप्रैल 2025 से लागू होगी। UPS से 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा होगा। कर्मचारियों के पास UPS या NPS में से कोई भी पेंशन स्कीम चुनने का ऑप्शन रहेगा। राज्य सरकार चाहें तो इसे वे भी इसे अपना सकती हैं। अगर राज्य के कर्मचारी शामिल होते हैं, तो करीब 90 लाख कर्मचारियों को इससे फायदा होगा।

**23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा**

**एम्प्लॉई को अब कोई कॉन्ट्रिब्यूशन नहीं करना होगा**



### न्यू पेंशन स्कीम से कैसे अलग है UPS ?:

न्यू पेंशन स्कीम में कर्मचारी को अपनी बेसिक सैलरी का 10% हिस्सा कॉन्ट्रिब्यूट करना होता है और सरकार 14% देती है। अब UPS में कर्मचारी को कोई भी कॉन्ट्रिब्यूशन नहीं करना होगा। सरकार अपनी तरफ से कर्मचारी की बेसिक सैलरी का 18.5 % कॉन्ट्रिब्यूट करेगी।

NPS के तहत 2004 से अब तक रिटायर हो चुके और अब से मार्च, 2025 तक रिटायर होने वाले कर्मचारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। जो पैसा उन्हें पहले मिल चुका है या वे फंड से निकाल चुके हैं, उससे एडजस्ट करने के बाद भुगतान किया जाएगा। सरकार की तरफ से कॉन्ट्रिब्यूशन 14% से 18.5% बढ़ाए जाने पर पहले साल 6250 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च आएगा। ये खर्च साल दर साल बढ़ता रहेगा।

### बैठक में पीएम शामिल हुए

कैबिनेट की मीटिंग के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय कर्मचारियों के नेताओं के साथ अपने आवास पर बैठक की। कार्मिक मंत्रालय ने इसके संबंध में 21 अगस्त को एक नोटिस जारी किया गया था। बैठक ऐसे समय पर हुई, जब 2 राज्यों जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं। पिछले 10 साल में यह पहली बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री और केंद्रीय कर्मचारियों की नेशनल काउंसिल यानी जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी (JCM) के सदस्य थे। बैठक में ओल्ड पेंशन स्कीम (OPS), न्यू पेंशन स्कीम (NPS) और 8वें वेतन आयोग को लेकर चर्चा हुई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी बजट पेश करते हुए NPS में सुधार की बात कही थी। वहीं, संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने जवाब दिया था कि सरकार OPS बहाली पर कोई विचार नहीं कर रही है।

# मुंबई से लेकर जयपुर तक भारी बारिश

### मौसम विज्ञान विभाग ने कई राज्यों में चार दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया

### गुजरात के 66 जलाशय खतरे के निशान से ऊपर, मछुआरों को अरब सागर में न जाने की सलाह



**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मुंबई में शनिवार को भारी बारिश हुई। भारतीय मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए महानगर में भारी बारिश का अलर्ट भी जारी किया है। वित्तीय राजधानी में लगातार बारिश के कारण भारी ट्रैफिक जाम भी लगा। आईएमडी ने बताया कि सांताक्रूज़ क्षेत्र में 59 मिमी बारिश हुई और कोलाबा वेधशाला ने 14 मिमी बारिश दर्ज की। महाराष्ट्र के कई अन्य जिलों में भी बारिश हुई। मौसम विभाग ने बताया कि रत्नागिरी के हरनई और पालघर के दहानू में क्रमशः 116 मिमी और 143 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### अगले चार से पांच दिनों में भारी बारिश होने की संभावना

मौसम विभाग ने बताया कि मुंबई और उसके पड़ोसी ठाणे और पालघर जिलों तथा राज्य के कई अन्य हिस्सों में अगले चार से पांच दिनों में भारी बारिश होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि आईएमडी ने रायगढ़ के लिए ४रेड अलर्ट४ जारी किया है, जबकि पश्चिमी महाराष्ट्र के पुणे और सतारा जिलों तथा विदर्भ के अमरावती, भंडारा, चंद्रपुर और गोंदिया जिलों के लिए शनिवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। ऑरेंज अलर्ट में 24 घंटों में 64.5 मिमी से अधिक भारी बारिश की चेतावनी दी गई है, जिससे सामान्य जनजीवन बाधित हो सकता है और निचले इलाकों में बाढ़ आ सकती है। आईएमडी ने 25 और 26 अगस्त को कोंकण और पश्चिमी महाराष्ट्र के कुछ जिलों के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया था।

### गुजरात के कई इलाकों में भारी बारिश

शनिवार को उत्तर गुजरात के कई इलाकों में भारी बारिश हुई, जिससे निचले इलाकों में पानी भर गया और गांवों को जोड़ने वाली राज्य राजमार्ग और सड़कें अवरुद्ध हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के 206 जलाशयों में से 66 में जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। इनमें से 52 पूरी तरह भर गए हैं, 66 हाई अलर्ट पर हैं और 42 70-100 प्रतिशत भरे हुए हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के आंकड़ों के अनुसार, बनासकांठा के वडगाम तालुका में 24 घंटे में 112 मिमी बारिश हुई, जो राज्य में सबसे अधिक है, इसके बाद खेड़ा के नाडियाड तालुका में 102 मिमी और अरवल्ली जिले के मेघराज तालुका में 101 मिमी बारिश हुई। भारी बारिश के कारण सड़कों पर जलभराव हो गया और यातायात धीमी गति से चल रहा है, जिससे क्षेत्र में दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सरकार ने कहा कि छह राज्य राजमार्ग और 36 पंचायत सड़कें जलमग्न हो गई हैं। इसके अलावा, एहतियात के तौर पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की आठ टीमें और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की 20 टीमें विभिन्न जिलों में तैनात की गई हैं।

### राजस्थान के कई जिलों में भारी बारिश

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले 24 घंटों में राजस्थान के कई जिलों में भारी बारिश हुई है। सुबह 8:30 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, पूर्वी राजस्थान के भूंगरा (भीलवाड़ा) में सबसे अधिक 131 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि पश्चिमी राजस्थान के मारवाड़ जंक्शन (पाली) में 75 मिमी बारिश दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों में भारी बारिश वाले जिलों में जयपुर, धौलपुर, उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, कोटा, झालावाड़, पाली, बांसवाड़ा और सिरोही जिले शामिल हैं। मौसम विभाग के अधिकारी ने बताया कि 1 जून से अब तक राजस्थान में 499 मिमी बारिश हुई है, जबकि सामान्य तौर पर 345.6 मिमी बारिश होती है।

# मुंबई में हुई महाविकास आघाड़ी की बैठक

## ■ 36 में से करीब 20-22 सीटों पर लड़ना चाहती है उद्धव ठाकरे की शिवसेना

### कौन कितनी सीटों पर लड़ना चाहता है?

- मुंबई की 36 विधानसभा सीटो में से उद्धव शिवसेना क़रीबन 20 से 22 सीटों पर लड़ना चाहती है।
- कांग्रेस 15 से 18 सीट पर लड़ना चाहती है।
- एनसीपी शरद पवार 4 से 5 सीटों पर लड़ना चाहती है।

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

महाविकास आघाड़ी की बैठक में मुंबई की 36 सीटों पर शेयरिंग को लेकर चर्चा हुई। ये बैठक बीकेसी के ट्राइटेंट होटल में हुई, जोकि करीब डेढ़ घंटे तक चली। सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्राथमिक रूप से चर्चा हुई कि UBT शिवसेना मुंबई में मजबूत है तो वह ज्यादा सीटों पर लड़े। एनसीपी और UBT इस बात पर सहमत हैं।

### किसने कितनी सीटें जीती थीं?



बैठक में उन सीटों पर भी चर्चा हुई, जो बीजेपी, एनसीपी अजित गुट, महायुति ने जीती हैं। पिछले चुनाव में जो सीट जिस पार्टी ने जीती हैं, वह सीट उस पार्टी के पास कायम रहे यह शिवसेना की मांग है। 2019 में शिवसेना संयुक्त 14 सीटें जीती थी। अब उद्धव के पास 8, शिंदे के पास मुंबई में 6 विधायक हैं। इस दौरान कांग्रेस ने 4, एनसीपी ने एक और समाजवादी पार्टी ने एक सीट जीती थी। बैठक के बाद एमवीए की तरफ से जितेंद्र आह्वाड़ ने बात की और कहा कि मुंबई में उद्धव शिवसेना की पकड़ मजबूत है इसलिए जाहिर है कि वह बड़े भाई की भूमिका में होंगे। एनसीपी शरद पवार कितनी सीटों पर लड़ेगी, यह जब तय होगा सामने आएगा। आज की बैठक में भी एमवीए ने बदलापुर मामले पर ज्यादा चर्चा होने का हवाला दिया। बैठक में कांग्रेस से मुंबई की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़, जगताप, असलम शेख शामिल हुए। वहीं उद्धव ठाकरे शिवसेना से संजय राउत, अनिल देसाई, NCP से जितेंद्र आह्वाड और मुंबई NCP अध्यक्ष जाधव उपस्थित रहीं।

**कुछ सीटें एक्सचेंज होंगी:** मुंबई में एमवीए में कुछ सीटो को एक्सचेंज किया जाएगा। जैसे चांदिवली सीट शिवसेना ने जीती थी। अब विधायक दिलीप लांडे शिंदे शिवसेना में है तो वह सीट नसीम ख़ान के लिये कांग्रेस को दी जाएगी। बांद्रा पूर्व सीट कांग्रेस जीती थी, जिशान सिद्दकी एमएलए हैं, पर वह पार्टी छोड़ एनसीपी अजीत गुट से लड़ सकते हैं तो कांग्रेस वह सीट शिवसेना UBT को देगी।

# बदलापुर घटना पर एमवीए का साइलेंट प्रोटेस्ट

## शरद पवार ने काली पट्टी बांधी

### उद्धव ठाकरे बोले- हमारी आवाज को नहीं दबाया जा सकता

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरद पवार (एनसीपी-एसपी), शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस सहित महा विकास अघाड़ी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पूरे महाराष्ट्र में विरोध प्रदर्शन किया। महाराष्ट्र के बदलापुर में दो नाबालिग लड़कियों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान प्रमुख चेहरों को अपने माथे और बांहों पर काली पट्टियां बांधे देखा गया। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बदलापुर घटना के खिलाफ मुंबई में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उद्धव ठाकरे ने कहा कि जब सरकार को लगा कि महाराष्ट्र बंद रहेगा तो



उन्होंने अपने समर्थकों को कोर्ट में भेज दिया। हमारा मामला पिछले दो साल से सुप्रीम कोर्ट में है और तारीखें दी जा रही हैं। हमें विश्वास है कि हमें न्याय मिलेगा। अदालत ने भले ही हमारे बंद को रोक दिया हो, लेकिन वह हमारी आवाज को दबा नहीं सकती।

### लातूर में विरोध प्रदर्शन

लातूर में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार सुबह राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज चौक पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने बांह पर काली पट्टी और मुंह पर मास्क पहना हुआ था। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए और कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। एमवीए ने शनिवार को 'महाराष्ट्र बंद का आह्वान किया था। लेकिन शुक्रवार को बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा सभी दलों और व्यक्तियों को बंद करने से रोक दिए जाने के बाद इसे वापस लेना पड़ा।

### दोषियों को मिले मृत्युदंड : कोंडाजी

नासिक में प्रदर्शनकारी शिवाजी रोड स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के पास एकत्र हुए और उन्होंने एकनाथ शिंदे सरकार के खिलाफ नारे लगाए। राकांपा (शरद चंद्र पवार) नेता कोंडाजी आव्हाड ने कहा कि दोषियों को मृत्युदंड दिया जाना चाहिए। इस बीच शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) कार्यकर्ताओं ने शालीमार चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें पूर्व विधायक वसंत गीते भी शामिल हुए।

## गौरी लंकेश हत्याकांड

# आरोपी की जमानत रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गौरी लंकेश हत्याकांड के आरोपियों की जमानत रद्द करने की मांग वाली याचिका शनिवार को खारिज कर दी। आरोपी को कर्नाटक हाईकोर्ट से 7 दिसंबर 2023 को जमानत मिली थी। गौरी लंकेश की छोटी बहन कविता लंकेश ने इस आदेश को चुनौती दी थी। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस एस सी शर्मा की बेंच ने कविता की याचिका खारिज करते हुए कहा कि आरोपी मोहन नायक ने कार्यवाही में निचली अदालत के साथ सहयोग किया है।



### 5 सितंबर, 2017 को पत्रकार गौरी लंकेश की हुई थी हत्या

पत्रकार गौरी लंकेश की 5 सितंबर, 2017 को बेंगलुरु में उनके आवास के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। मोहन नायक को 18 जुलाई, 2018 को गिरफ्तार किया गया था।

# महिलाओं के खिलाफ अपराध पर अजित पवार ने दिखाए सख्त तेवर

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने शनिवार को कहा कि महिलाओं पर हमला करने वाले अपराधियों को नपुंसक बना देना चाहिए। वे यवतनाल में 'लड़की बहिन योजना' के तहत एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। पवार ने कहा कि राज्य की भाजपा-शिवसेना-राकांपा सरकार किसी भी आरोपी को नहीं बख्शेगी।

# प्राइवेट कंपनी का हेलिकॉप्टर क्रैश




**दोपहर संवाददाता । पुणे**

पुणे के पौड इलाके में शनिवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। यह हेलिकॉप्टर मुंबई से हैदराबाद जा रहा था। इसमें पायलट और तीन यात्री सवार थे। हादसे में पायलट जख्मी हुआ है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी तीनों लोगों को ज्यादा चोट नहीं आई हैं। भारी बारिश के बीच तकनीकी खराबी से हादसा होने की आशंका पुणे रूरल पुलिस के सुपरिंटेंडेंट पंकज देशमुख ने बताया कि यह हेलिकॉप्टर मुंबई की ग्लोबल वेक्ट्रा हेलिकॉर्प कंपनी का था। आशंका है कि हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी की वजह से क्रैश हुआ। हादसे के पीछे भारी बारिश को भी वजह माना जा रहा है। हेलीकॉप्टर का मॉडल AW 139 है। पायलट का नाम कैप्टन आनंद है, जबकि तीन पैसेंजर्स धीर भाटिया, अमरदीप सिंह और एसपी राम हैं।

# पीएम मोदी आज राजस्थान व महाराष्ट्र का करेंगे दौरा

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 अगस्त को महाराष्ट्र के जलगांव और राजस्थान के जोधपुर का दौरा करेंगे। सुबह लगभग 11:15 बजे प्रधानमंत्री लखपति दीदी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। शाम लगभग साढ़े चार बजे प्रधानमंत्री जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जयंती समारोह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

प्रधानमंत्री महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री लखपति दीदी सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जलगांव जायेंगे। वह उन 11 लाख नई लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र देंगे और सम्मानित करेंगे, जो हाल ही में एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान लखपति बनी हैं। प्रधानमंत्री देशभर की लखपति दीदियों से

### 11 लाख नई 'लखपति दीदी' को करेंगे सम्मानित

बातचीत भी करेंगे। प्रधानमंत्री 2,500 करोड़ रुपये का एक रिवॉल्विंग फंड जारी करेंगे, जिससे 4.3 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ होगा। वह 5,000 करोड़ रुपये का बैंक ऋण भी वितरित करेंगे, जिससे 2.35 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के 25.8 लाख सदस्यों को लाभ होगा।

लखपति दीदी योजना की शुरुआत के बाद से अब तक एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी



बनाया जा चुका है। सरकार ने 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है।प्रधानमंत्री राजस्थान में प्रधानमंत्री उच्च न्यायालय परिसर, जोधपुर में आयोजित होने वाले राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जयंती समारोह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। प्रधानमंत्री राजस्थान उच्च न्यायालय संग्रहालय का उद्घाटन भी करेंगें।

## महाराष्ट्र के किसानों के लिए खुशखबरी

# केंद्र सरकार ने 225 करोड़ रुपए का भुगतान करने का दिया निर्देश

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार महाराष्ट्र के किसानों के लिए खुशखबरी लेकर आई है। केंद्र सरकार ने शनिवार को बीमा कंपनी को महाराष्ट्र के परभणी जिले के लगभग 2 लाख किसानों को 225 करोड़ रुपये तक के लंबित दावों का भुगतान एक हफ्ते के अंदर करने का निर्देश दिया। बता दें कि यह आदेश केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की 21 अगस्त को नांदेड़ में किसानों के साथ बातचीत के बाद आया है, जहां लंबित सोयाबीन फसल बीमा दावों के मुद्दे उठाए गए थे।

22 अगस्त को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) की बैठक की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि समिति ने फसल काटने के प्रयोगों पर बीमा कंपनी की आपत्तियों को खारिज कर दिया और लंबित दावों के निपटान का आदेश दिया।

### क्या है बीमा कंपनी का नाम?

बयान में बीमा कंपनी के नाम का खुलासा नहीं किया गया। सेंट्रल टीएसी ने शनिवार को बीमा कंपनी को सात दिनों के भीतर बकाया भुगतान करने का औपचारिक आदेश जारी किया। इस निर्णय से परभणी जिले के लगभग 2 लाख किसानों को लाभ होगा, जिसका भुगतान 200 से 225 करोड़ रुपये के बीच होगा।

### किसानों ने मंत्री को बताई अपनी समस्या



नांदेड़ की यात्रा के दौरान परभणी जिले के किसानों ने उन्हें अपनी समस्या के बारे में बताया, जिसके बाद कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि अधिकारियों को समस्या का तुरंत समाधान करने का निर्देश दिया था। त्वरित कार्रवाई से मराठवाड़ा क्षेत्र में प्रभावित किसानों को वित्तीय राहत मिलने की उम्मीद है, ये सोयाबीन की महत्वपूर्ण खेती के लिए जाना जाता है।

# उल्हासनगर में पिंपरी चिंचवड़ साइबर सेल का ऑपरेशन

## शेयर बाजार के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

पिंपरी चिंचवड़ साइबर सेल ने उल्हासनगर (चिंचवड़) में साइबर अपराध के एक आरोपी को गिरफ्तार किया। देहूरोड में एक व्यक्ति से ट्रेडिंग के नाम पर 20 लाख 24 हजार रुपए की ठगी कर ली गई। पुलिस ने इस अपराध में मुख्य आरोपी की मदद करने वाले को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अजय कुमार किशनलाल आर्य (निवासी उल्हासनगर) के रूप में हुई है।



### 20 लाख की ठगी का मामला

पुलिस उपायुक्त संदीप डोईफोडे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता का विश्वास हासिल करने के बाद आरोपी व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल हो गया। समूह की कंपनी को सेबी से अनुमोदित बताकर अमीश ने यह दर्शाया कि आरोपी के निर्देशानुसार शेयर ट्रेडिंग से अच्छा मुनाफा होगा। शेयर ट्रेडिंग के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में 20 लाख 24 हजार रुपये ठग लिए। इस मामले में देहूरोड थाने में मामला दर्ज किया गया था।

### समानांतर जांच

साइबर सेल द्वारा इस अपराध की समानांतर जांच चल रही थी। जांच में पता चला कि आरोपियों ने अपराध को अंजाम देने के लिए अलग-अलग बैंक खातों का इस्तेमाल किया। तकनीकी जानकारी मिली कि खाताधारक आरोपी उल्हासनगर का है। तदनुसार साइबर सेल की एक टीम को जांच के लिए उल्हासनगर भेजा गया। जब पुलिस ने बैंक खाताधारक का पता लगाने के लिए उससे पूछताछ की, तो उसने बताया कि अपराध में इस्तेमाल किया गया खाता उसने अपने एक परिचित अजय कुमार आर्य को दिया था। जब आर्य को पुलिस ने हिरासत में लिया तो पहले तो उसने गोलमोल जवाब दिए। जब पुलिस ने उसे चेक दिखाया तो उसने अपने साथी परमान साजिद अली खान और निखिल सेलवानी के कहने पर बैंक खाते से भुगतान ले लिया। यह भी पाया गया कि धोखाधड़ी की रकम उनके ही कोटक बैंक खाते से ली गई थी। उसने यह भी कहा कि उसने एटीएम से पैसे निकाले और अन्य दो आरोपियों को दे दिए। आरोपी आर्य को देहुर रोड पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

# देवर की प्रताड़ना से त्रस्त महिला ने की खुदकुशी

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**



भिवंडी के एक विवाहित महिला ने देवर द्वारा जबरन की जाने वाली शारीरिक शोषण से त्रस्त होकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक महिला के पिता की शिकायत पर पुलिस ने देवर पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्जकर उसकी तलाश शुरू कर दिया है।

### मामला दर्ज

पुलिस के अनुसार, भिवंडी के काल्हेर पाइप लाइन इलाके में स्थित संजीवनी कॉम्प्लेक्स में रहने वाली एक 24 वर्षीय महिला ने 10 अगस्त की रात 8.30 बजे घर में पंखे में लटकाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। इसके बाद नारपोली पुलिस ने इसे आत्मिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू किया था। लेकिन घटना के एक दिन बाद पुलिस ने मृतक महिला के पिता की शिकायत पर उसके देवर विजय कमलेश मौर्य (25) वर्ष के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### केस फाइल

विवाहिता के पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी लड़की की शादी 23 मार्च 2021 को हुई थी। उसका पति कार चालक का काम करता था। जब उसका पति घर पर नहीं रहता था तो उसका देवर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाता था।जिसके कारण वह तनाव में आ गई थी।विवाहिता के मारने के बाद उसके मोबाइल में फोन के द्वारा उसके आत्महत्या करने राज खुला तो सबके होश उड़ गए। मृतक महिला ने अपने मोबाईल फोन में वीडियो के जरिए बताया कि उसने अपने देवर के द्वारा शारीरिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के कारण आत्महत्या करने का फैसला किया है। जबकि महिला का एक 2 साल का बच्चा भी है। पिता की शिकायत पर नारपोली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने गला रेतकर की पति की हत्या

## सबूत मिटाने के लिए शव को बैग में भरकर खाड़ी में फेंका

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी में एक दिलदहला देने वाली वारदात प्रकाश में आया है। एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दिया और सबूत नष्ट करने के उद्देश्य से शव को बैग में भरकर खाड़ी में फेंक दिया। महिला का पति उक्त दोनो के अबैध संबंध में बाधक बन रहा था।हैरत की बात यह है कि पुलिस को गुमराह करने के लिए महिला में हत्या के बाद पति की गुमशुदा की शिकायत पुलिस स्टेशन में दर्ज करा दिया। पुलिस हत्यारे प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि कातिल पत्नी की सरगर्मी से तलाश जारी है।

### अवैध संबंध में बाधक बनने के कारण दिया हत्याकांड को अंजाम



नारपोली पुलिस स्टेशन के सीनियर पीआई भरत कामत ने बताया कि भिवंडी के कशेली इलाके के रेती बंदर रोड पर स्थित दुर्गेश पार्क के ओम साई अपार्टमेंट में बलराम उर्फ शेखर लक्ष्मण मिश्र (28)अपनी पत्नी राधा मिश्र (25) के साथ रहता था ।लेकिन राधा का अनुभव राम प्रकाश पांडे (22)के साथ अनैतिक संबंध थे ।इसमें उसका पति बाधक साबित हो रहा था, जिसके कारण दोनो ने मिलकर बलराम को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। सीनियर पीआई ने बताया कि जिसके तहत दोनों ने मिलकर बलराम की धारदार हथियार से गला रेतकर उसकी पहले हत्या कर दी। बाद में सबूत मिटाने के लिए शव को एक बैग में भरकर उसे कशेली खाड़ी में फेंक दिया। इसके बाद 7 अगस्त को उसकी पत्नी ने नारपोली पुलिस स्टेशन में मानव मिसिंग क्रमांक 195/24 में अपने पति के गुमशुदा की शिकायत दर्ज करा दिया।

### प्रेमी गिरफ्तार, प्रेमिका फरार

उन्होंने बताया कि तांत्रिक जांच के बाद पुलिस को उसके पति की हत्या होने का शक होने पर पुलिस ने जांच तेज कर नारपोली पुलिस स्टेशन के दिया पुलिस स्टेशन के पीएसआई गणेश वडणे की शिकायत पर सीआर नंबर 1470/24 में बीएनएस (2023)की धारा 103(1), 238, 3(5)के तहत दोनों प्रेमी प्रेमिका पर हत्या व सबूत मिटाने का केस दर्जकर हत्यारे अनुभव को गिरफ्तार कर लिया है। महिला की तलाश सरगर्मी से शुरू है ।उन्होंने बताया कि अभी तक मृतक का शव खाड़ी में से बरामद नही हुआ है, जिसकी तलाश जारी है।

# अब पालघर में नाबालिग बनी दुष्कर्म की शिकार

## हैवानियत करने वाले दो गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता । पालघर**



महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर में दो मासूम बच्चियों के यौन शोषण को लेकर पूरे प्रदेश में भारी गुस्सा है। इसी बीच पालघर जिले में एक नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया है कि आरोपियों ने युवती को घुमाने के बहाने हैवानियत को अंजाम दिया।तुलिंज पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता मुंबई की रहने वाली है। वह अक्सर नालासोपारा में अपने एक दोस्त से मिलने आती थी। इस दौरान उसकी जान-पहचान सोनू नाम के एक आरोपी से हुई जो इलाके में एक स्टूडियो में काम करता था।

### युवती को बाहर घूमने के लिए बुलाया था

पुलिस अधिकारी ने एफआईआर का हवाला देते हुए बताया कि गुरुवार को सोनू और उसके दोस्त ने नाबालिग युवती को बाहर घूमने के लिए बुलाया था। वे लड़की को ऑटो में बैठाकर सुनसान जगह पर ले गए, जहां दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

### पीड़िता के माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई

बेटी के साथ हुई हैवानियत जानने के बाद पीड़िता के माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इंस्पेक्टर शैलेंद्र नागरकर ने बताया कि तुलिंज पुलिस ने शुक्रवार को पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# लाडली बहन योजना के 77 हजार 995 आवेदन को जांच के बाद मिली मंजूरी

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

मुख्यमंत्री की लाड़की बहिन योजना के तहत 134 भिवंडी ग्रामीण, 136 भिवंडी पश्चिम और 137 भिवंडी पूर्व विधानसभा क्षेत्रों के लिए लाभार्थी चयन समिति की पहली बैठक भिवंडी महानगरपालिका हॉल में आयोजित की गई थी। उक्त बैठक में भिवंडी शहर एवं तालुका के अब तक कुल लाभार्थी को उक्त योजना का लाभ मिलने की मंजूरी के बारे में चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता भिवंडी पूर्व मंडल के समिति अध्यक्ष संजय कबुकर ने की। बैठक के अध्यक्ष संजय काबुकर ने भिवंडी तालुका और शहर में इस लाडली बहन योजना के लाभार्थियों के आवेदन की समीक्षा की। अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिन बहनों के कागजात पूर्ण पाए गये हैं, उन सभी आवेदकों के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी। साथ ही जिन शेष लाभार्थियों के दस्तावेज पूर्ण नहीं हैं उनसे भी संपर्क कर लाभ दिलाने का प्रयास किया जाए। उक्त बैठक नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक अजय वैद्य के निर्देशानुसार आयोजित की गई थी।

### 93 फीसदी आवेदन स्वीकृत



भिवंडी मनपा जनसंपर्क अधिकारी मिलिंद पलसुले द्वारा जारी किए गए प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि मनपा मुख्यालय में आयोजित बैठक में भिवंडी तालुका और शहर में लाड़की बहिन योजना के लाभार्थियों के आवेदन की समीक्षा की गई। इसके मुताबिक 93 फीसदी आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं, जिनमें से चार हजार आवेदन अस्वीकृत कर दिये गये हैं। बैठक में तय हुआ कि लोगों को योजना के बारे में जानकारी दी जाए और लंबित आवेदनों का निस्तारण कर लाभार्थियों को लाभ दिया जाए।

### अब तक कुल 82 हजार 493 इच्छुक लाभार्थियों का पंजीकरण

भिवंडी शहर और भिवंडी ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर देखा जाए तो अब तक कुल 82 हजार 493 इच्छुक लाभार्थियों ने पंजीकरण कराया है। जिनमें से 77,995 आवेदनों की जांच कर उन्हें मंजूरी दे दी गई। कुल 3803 आवेदन अधूरे दस्तावेजों के साथ लंबित हैं। इनमें 528 आवेदन अपात्र हैं। मनपा के अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके ने बताया कि योजना का अधिकतम लाभ सभी महिलाओं को मिले, इस पर ध्यान दिया जा रहा है। लाभार्थी द्वारा पूर्ण किये जाने पर बिना किसी आवेदन को अस्वीकृत किये सभी लाभार्थियों को लाभ दिया जायेगा। इस कार्य में अधिकारी तीन दिनों तक तीन सत्रों में काम कर आवेदन की जांच कर लाभ की इच्छुक महिलाओं को लाभ दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। इस योजना को सफल बनाने के लिए भिवंडी मनपा प्रशासन प्रयासरत है।

# गोल मैदान में स्टेडियम का काम शुरू

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**



शुक्रवार से केम्प नंबर-1 में स्थित गोल मैदान में मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस परियोजना को साकार करने में समाजसेवक मनोज साधनानी और पूर्व नगरसेविका गीता साधनानी सालों से लगी हुई थी। पैनल नंबर 5 के नगरसेवकों, जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, विधायक कुमार अयलानी, राजेश वधारिया, जमनू पुरस्वानी, डॉक्टर प्रकाश नाथानी, मीना अयलानी, राजू जग्यासी के प्रयास से यह काम शुरू हो गया है मनोज साधनानी और गीता लालचंद साधनानी ने सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया है। यह परियोजना उल्हासनगर के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा होगी और खेलकूद को बढ़ावा मिलेगा। मनोज साधनानी ने कहा कि बच्चों के लिए एक अच्छा स्टेडियम बनेगा।

# झूलेलाल मंदिर में मटकी मेले का आयोजन


## निकाला गया झूलेलाल का भव्य जुलूस

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**



उल्हासनगर कैम्प-1 स्थित भाऊ परसराम झूलेलाल मन्दिर में मटकी मेला धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एक भव्य शाही जुलूस का आयोजन किया गया। यह जुलूस झूलेलाल मन्दिर १ से शुरू होकर शिरू चौक, नेहरू चौक, शिवाजी चौक और बाजारों से होते हुए निकला गया। जुलूस में विभिन्न झांकियों ने चार चांद लगा दिया । शहर के व्यापारी, जन समुदाय और विभिन्न राजनीतिक दलों ने इस जुलूस में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

### हर साल किया जाता है इस मेले का आयोजन



इस मेले का आयोजन हर साल किया जाता है और यह शहर की संस्कृति और एकता का प्रतीक है। आयोजकों ने सभी स्थानीय निवासियों से इस मेले में भाग लेने की अपील की थी ताकि यह परंपरा और भी मजबूत हो सके।

# बड़े उत्साह के साथ होगा दहीहंडी का आयोजन

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे शहर के साथ ही महाराष्ट्र में प्रसिद्ध है संकल्प प्रतिष्ठान का दहीहंडी। संकल्प प्रतिष्ठान की ओर से तमाम धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाता है ।शिवसेना उपनेता व संकल्प प्रतिष्ठान के अध्यक्ष रविंद्र फाटक ने बताया कि साल 2006 से बड़े पैमाने पर दहीहंडी उत्सव मनाया जा रहा है। संकल्प दहीहंडी उत्सव का यह 19 वां साल है। विश्व का रिकॉर्ड तोड़ने

### प्यारी बहनों का किया जायेगा विशेष सम्मान



वाले गोविंदा पथक को 21 लाख रुपये का इनाम दिया जायेगा, जो गोविंदा पथक पहले 9 थर लगाने वाले को 11 लाख रुपये का इनाम दिया जायेगा और इसके बाद 9 थर लगाने वाले गोविंदा पथक को लाखों का इनाम मिलेगा। साथ ही अन्य गोविंदा पथक को नगद इनाम व सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया जायेगा। मुंबई व ठाणे के महिला गोविंदा पथक का विशेष मान सम्मान पुरस्कार देकर होगा। इस भव्य दहीहंडी कार्यक्रम में कुल 3 हंडी के थर का अनुभव मिलेगा, जिसमें 1 हंडी ठाणे गोविंदा पथक तो दूसरी हंडी मुंबई गोविंदा पथक और तीसरी हंडी महाराष्ट्र के मेरी प्यारी बहनों के विशेष सम्मान के लिए बांधी जायेगी।

# उल्हासनगर में महाविकास अघाड़ी का विरोध प्रदर्शन



**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

बदलापुर में मासूमों पर हुए अत्याचार को लेकर महाराष्ट्र बंद को सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज करने के बाद अघाड़ी ने राज्य भर में विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए। उल्हासनगर में महाविकास अघाड़ी के कार्यकर्ताओं ने काले झंडे और काले रिबन लहराकर इस घटना का कड़ा विरोध किया।

### सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

उल्हासनगर कैंप-4 के धर्मवीर आनंद दिघे प्रवेश द्वार श्रीराम चौक पर महाविकास अघाड़ी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं से भरा हुआ था। इस आंदोलन में पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने भी हिस्सा लिया। काले झंडे लहराकर और काले रिबन बांधकर प्रदर्शनकारियों ने अपना असंतोष व्यक्त किया।

# महिला से 13 लाख की ठगी

## ठग ने इंस्टाग्राम अकाउंट भी किया हैक

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे में एक महिला से 13 लाख की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पीड़िता से सरकारी नौकरी का झांसा देकर रकम ठगी गई है। घटना मुंबई से सटे ठाणे जिले की है जहां पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है ।अधिकारी ने कहा कि नौकरी दिलाने के नाम पर तेरह लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया है।



### आत्महत्या की देने लगा था धमकी

मिली जानकारी के मुताबिक 20 साल के आरोपी ने तुर्भेगांव निवासी 25 वर्षीय महिला को सरकारी नौकरी दिलाने का झूठा वादा किया था। जुलाई 2021 से अब तक आरोपी ने महिला से 12 ।65 रुपये ले लिए लेकिन उसे नौकरी नहीं मिली। जब महिला ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी ने उसे आत्महत्या करने की धमकी देने लगा और कहने लगा कि मैं मर जाउंगा और दोष तुम्हारे ऊपर मढ़ दूंगा। अधिकारी ने बताया कि आरोपी यहीं नहीं रुका उसने महिला के परिवार के सदस्यों को भी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी थी। साथ ही शख्स ने महिला का इंस्टाग्राम अकाउंट भी हैक कर लिया।

# स्कूल की दीवार पर पेड़ गिरा, वाहन क्षतिग्रस्त

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में शनिवार को बारिश के बीच एक स्कूल की दीवार पर पेड़ गिर गया, जिससे वहां खड़े कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ठाणे महानगरपालिका के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि पोखरण-2 क्षेत्र में अपराह्न करीब तीन बजे यह घटना हुई जिसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। विभिन्न एजेंसियों के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उपकरणों की मदद से गिरे हुए पेड़ को हटाया। तड़वी ने बताया कि दीवार के मलबे को भी प्रभावित कारों और दोपहिया वाहनों के साथ हटा दिया गया है।

# आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी की सजा रद्द

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने एक दोषी की अपील स्वीकार कर ली और आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में सत्र अदालत के पहले के आदेश को रद्द करते हुए उसे रिहा करने का निर्देश दिया। भिवंडी की अदालत ने एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए भास्कर धवालु गावित (40) को दोषी ठहराने और चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाने के ठाणे सत्र अदालत के 2015 के आदेश को रद्द कर दिया है। भिवंडी सत्र अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एनके करांडे ने कहा कि गावित के खिलाफ आरोप साबित नहीं हुए हैं, इसलिए उन्हें रिहा करने की जरूरत है और उनकी दोषसिद्धि को रद्द कर दिया जाना चाहिए। सत्र अदालत के 17 अगस्त के आदेश की प्रति शनिवार को उपलब्ध करायी गयी। अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि गावित का पीड़ित की पत्नी से संबंध था और उसने उसे जान से मारने की धमकी दी थी।



### 11 फरवरी 2014 को की थी आत्महत्या

पीड़ित और उसकी पत्नी ने 11 फरवरी 2014 को अपने घर पर आत्महत्या कर ली थी जिसके बाद आरोपी पर भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** आपका पुस्तकालय मन और आत्मा का भंडार है : नील आर्मस्ट्रांग


न्यूज़ ब्रीफ

## दुकान के संबंध में शिकायत आवेदन और आपत्ति

**मुंबई।** बांद्रा सरकारी कॉलोनी में रहने वाले संतोष चंद्रकांत कांबले ने अपने साथ हुए धोखाघड़ी की शिकायत मुख्य कार्यकारी अधिकारी झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकारण, बांद्रा, गझधर शिवशाही सहकारी गृह निर्माण संस्था, सांताक्रूज (प.), के अध्यक्ष और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, खार से की है। इस संबंध में कांबले ने बताया कि उपरोक्त विषय संदर्भ के अंतर्गत पंजीकृत विलेख के अनुसार ₹गझधर शिवशाही सहकारी गृह निर्माण संस्था नियोजित, सांताक्रूज (प.) मुंबई में दुकान क्रमांक (गैर आवासीय) सेंटर एचडब्ल्यूजी 100-8/9, निर्मित 126 वर्ग फीट ग्राउंड फ्लोर के बारे में अब्दुल रहीम खान के साथ मेरी स्वर्गीय मां सुवर्णा चंद्रकांत कांबले का नाम होने के दौरान पंजीकृत अनुबंध हुआ है। रहीम खान के नाम पर एक बड़ी जमा राशि वर्ष 2020 में वापस ले ली है, उक्त राशि वापस नहीं मिलने के कारण हमारा व्यवहार पूरा नहीं हुआ है। रहीम खान ने हमें यह राशि देने में हमेशा टालमटोल किया है। उन्होंने हमें कानूनी रूप से फंसाया है। सभी लेन-देन सरकारी पंजीकृत अनुबंध पर किए गए हैं। इस धोखाधड़ी के कारण मैंने उनके खिलाफ स्थानीय पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया।

हालांकि, अभी तक कोई कारवाई नहीं की गई है। कानूनी कार्यवाही प्रगति पर है। इसलिए यह अनुरोध है कि दुकान क्रमांक सेंटर एचडब्ल्यूजी 100-8/9, निर्मित 126 वर्ग फीट का सौदा और विक्री करते समय स्वर्गीय सुवर्णा चंद्रकांत कांबले का मै एकमात्र वारिस संतोष सुवर्णा चंद्रकांत कांबले के रूप में मेरी आपत्ति ली जाए। ताकि मेरे जैसे किसी अन्य व्यक्ति को नुकसान न पहुंचे। साथ ही, भविष्य में मुझे उक्त दुकान की पूरी किराया राशि का भुगतान किया जाना चाहिए। इस संबंध में रहीम खान को निर्देश दिया जाए यह अनुरोध है।

## मनपा ने 5 साल में समय से पहले तोड़ दी 2360 करोड़ की फिक्स डिपॉजिट



**मुंबई।** आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली को मुंबई मनपा ने जानकारी दी है कि पिछले 5 साल में 2360 करोड़ की फिक्स डिपॉजिट समय से पहले तोड़ दी गई है। इसमें BEST को बोनस देने के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट को 6 बार पहले तोड़ा गया है। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने मुंबई मनपा से पिछले 5 वर्षों में फिक्स्ड डिपॉजिट को शीघ्र समाप्त करने की जानकारी मांगी थी। मनपा के उप मुख्य लेखाकार (राजस्व 2) ने अनिल गलगली को 8 फिक्स्ड डिपॉजिट की सूची दी जो समय से पहले टूट गई थीं। 2360 करोड़ 20 लाख 19 हजार रुपये टूटे हुए फिक्स्ड डिपॉजिट की रकम है। गणेशोत्सव उत्सव से पहले कर्मचारियों के पेंशन धारकों के अगस्त का वेतन/पेंशन बोनस का भुगतान करने के लिए 29 अगस्त 2022 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से 645,20,07,000 रु.करोड़ की फिक्स्ड डिपॉजिट रकम तोड़ी गई। एमएमआरडीए को सब्सिडी देने के लिए 15 मार्च 2024 को भारतीय स्टेट बैंक में 949,50,00,000 रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट रकम तोड़कर दी गई।

# '48 घंटे दे दो, दिखा दूंगा सरकार कैसे चलती है'

### महाराष्ट्र के लॉ एंड ऑर्डर पर भड़के राज ठाकरे, सीएम शिंदे पर निशाना

दोपहर संवाददाता | मुंबई/नागपूर

महाराष्ट्र के बदलापुर कांड को लेकर नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के प्रमुख राज ठाकरे ने एकनाथ शिंदे सरकार को जमकर सुनाई। राज ठाकरे ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए और कहा कि गलती पुलिस की नहीं है। राज ठाकरे ने बदलापुर मामले में पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि पुलिस पर जब दबाव पड़ता है, तब वह कार्रवाई करती है। उन्होंने कहा कि उन्हें 48 घंटे दे दिए जाएं तो वह दिखाएंगे कि कानून-व्यवस्था क्या होती है। राज ठाकरे ने राज्य की गिरती कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र में अपराधियों के बीच कानून का डर नहीं है। इस बात के लिए मैं पुलिस को जिम्मेदार नहीं मानता।' एमएनएस चीफ का इशारा महाराष्ट्र सरकार की तरफ था।



#### 'मैं दिखाऊंगा कानून का डर'

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अगर उन्हें 48 घंटा दे दे, तो वह पूरा महाराष्ट्र अपराधियों से मुक्त करके दिखा देंगे। वह बोले- 'एक बार राज ठाकरे के हाथ में सत्ता दो, तो मैं दिखाता हूं सरकार कैसे चलाई जाती है?' उन्होंने कहा कि कानून का डर क्या होता है मैं दिखाऊंगा। इसके बाद महाराष्ट्र में कोई व्यक्ति किसी महिला की ओर गंदी नजर से देखने की हिम्मत नहीं करेगा।

#### शरद पवार पर लगाए आरोप

राज ठाकरे ने कहा कि मनसे आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 225 सीट पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है। महाराष्ट्र विधानसभा में कुल 288 सीट हैं। उन्होंने शरद पवार की आलोचना करते हुए दावा किया कि एनसीपी (एसपी) प्रमुख ही राज्य में जाति और दलबदल की राजनीति लेकर आए। उन्होंने आरोप लगाया कि एनसीपी की स्थापना के बाद संत भी जाति के आधार पर बंट गए।

#### एमवीए पर निशाना

राज ठाकरे ने कहा कि उद्धव ठाकरे और शरद पवार के नेतृत्व वाले दलों को विधानसभा चुनावों में ये सत्ता-विरोधी वोट नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि दलितों और मुसलमानों के एक बड़े हिस्से ने भाजपा के खिलाफ मतदान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और (केंद्रीय गृह मंत्री) अमित शाह के खिलाफ ये वोट उद्धव ठाकरे, शरद पवार और कांग्रेस को गए। ये वोट महाविकास आघाडी के नहीं थे। यह लहर अब चली गई है।

#### 'लोगों को काम चाहिए, पैसा नहीं'

राज ठाकरे ने कहा कि यह बात निश्चित रूप से नहीं कही जा सकती कि 'लाडकी बहिन योजना' जैसी योजनाओं के बाद भी लोग सत्तारूढ़ गठबंधन को वोट देंगे। उन्होंने कहा, 'लोग काम मांग रहे हैं, पैसा नहीं। किसान मुफ्त बिजली नहीं चाहते, वे निर्बाध आपूर्ति चाहते हैं।' उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या राज्य सरकार के पास इन योजनाओं के लिए पैसा है?

## 'समता नगर के निवासियों को धारावी में ही घर दीजिए'

### सांसद अनिल देसाई ने डीआरपी को लिखा पत्र

दीपक पवार | मुंबई



सांसद अनिल देसाई ने धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) प्रमुख श्री निवासन को पत्र लिखकर मांग की है कि धारावी पुनर्विकास परियोजना में शामिल माटुंगा लेबर कैंप के समता नगर झोपड़पट्टी के निवासियों को धारावी में घर दिया जाना चाहिए।

#### एमयूटीपी के तहत घरों को खाली करने के लिए नोटिस

एमएमआरडी ने मध्य रेलवे से सटे समता नगर स्लम में एमयूटीपी के तहत घरों को खाली करने के लिए नोटिस जारी किया है। लेकिन चूंकि समता नगर झोपड़पट्टी धारावी परियोजना में शामिल है, इसलिए सांसद देसाई ने डीआरपी को एक पत्र दिया है कि निवासियों को धारावी परियोजना के लिए म्हाडा द्वारा निर्मित भवन में घर दिया जाना चाहिए। स्थानीय निवासियों ने सांसद अनिल देसाई और डीआरपी से मांग की है कि धारावी के पुनर्विकास के कारण निवासियों को उनके मूल स्थान पर घर मिलना चाहिए। इस परियोजना के तहत निवासियों को धारावी ट्रांजिट कैंप के पास एक ऊंची इमारत में घर मिलना चाहिए। इस मांग के पीछे का उद्देश्य हमारे निवासियों को उनके पारंपरिक निवास के करीब फिर से बसाना है।

समता नगर के निवासी विठ्ठल खले ने बताया कि यह मांग इसलिए की गई है क्योंकि धारावी परियोजना में धारावी क्षेत्र में स्थानीय लोगों को नए घर उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण है और हमें लगातार रेलवे और एमएमआरडीए से घर खाली करने के नोटिस मिल रहे हैं।

# महाराष्ट्र में 'बहनों' को हर महीने मिलेंगे 4000 रुपए

### सीएम ने दिए संकेत

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी माझी लड़की बहिन योजना से विपक्ष घबराया हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि महिलाओं को महायुति सरकार को और मजबूत बनाना चाहिए, जिससे योजना में मासिक भत्ता 4,000 रुपये तक बढ़ाया जा सके। एकनाथ शिंदे ने यवतमाल में योजना को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में ये बातें कहीं। कार्यक्रम में उनके साथ उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार भी मौजूद थे। शिंदे ने कहा कि योजना वोट हासिल करने के लिए नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई है कि महिलाओं को वह सम्मान मिले जिसकी वे हकदार हैं।



#### योजना से परेशान विपक्ष: शिंदे

शिंदे ने कहा कि लड़की बहिन योजना ने विपक्ष को परेशान कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार केवल 1,500 रुपये प्रति माह पर नहीं रुकेगी। साथ ही उन्होंने सभा में महिलाओं से महायुति सरकार को मजबूत करने का आह्वान किया, जिससे किस्त को 4,000 रुपये तक बढ़ाया जा सके। गौरतलब है कि लड़की बहिन योजना के तहत 21-60 आयु वर्ग की विवाहित, तलाकशुदा और निराश्रित महिलाओं को 2.5 लाख रुपये की वार्षिक पारिवारिक आय सीमा के साथ 1,500 रुपये की मासिक सहायता दी जाती है। एकनाथ शिंदे ने दावा किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में होती तो भ्रष्टाचार के कारण लोगों को लड़की बहिन योजना के तहत 3,000 रुपये में से केवल 400 रुपये मिलते। उन्होंने कहा, 'महायुति सरकार कल्याणकारी योजनाओं के साथ महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें 'लखपति' बनाना चाहती है।' शिंदे ने बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के विरोध में महाराष्ट्र बंद के आह्वान पर विपक्षी दलों की आलोचना की और उन पर घटना का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया।

#### विपक्ष पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलापुर रेलवे स्टेशन पर आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों की मांगें पूरी की गईं, लेकिन आंदोलन जारी रहा। क्या विपक्ष दंगा भड़काने की कोशिश कर रहा था? सभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि विपक्ष ने सरकार पर लोगों को खरीदने का आरोप लगाया था, जब उसने लड़की बहिन योजना शुरू की थी। फडणवीस ने कहा कि विपक्ष ने दावा किया था कि इस योजना से 10 प्रतिशत महिलाओं को भी लाभ नहीं मिलेगा, लेकिन 1.5 करोड़ महिलाओं ने इसका लाभ उठाया है। उन्होंने कहा, 'महायुति सरकार ने महिलाओं को लड़की बहिन योजना दी है और उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगी।'

कामा अस्पताल प्रशासन का फैसला

## काम के समय कर्मचारी नहीं देख सकते यूट्यूब, फेसबुक, वॉट्सएप और इंस्टाग्राम

### अस्पताल के अधीक्षक ने अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए जारी किया फरमान

दोपहर संवाददाता | मुंबई

राज्य सरकार द्वारा संचालित कामा एंड अल्बेल्स अस्पताल के कर्मियों के लिए अधीक्षक ने फरमान जारी किया है। इसके तहत अस्पताल में काम के समय मोबाइल फोन पर फेसबुक, इंस्टाग्राम,वॉट्सएप और यूट्यूब के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध होगा। अपने कार्यालयीन आदेश में अधीक्षक ने मोबाइल का इस्तेमाल सिर्फ प्रशासनिक कामकाज के लिए करने को कहा है।




#### फेसबुक, इंस्टाग्राम पर वक्त न करें बर्बाद

कामा अस्पताल के अधीक्षक डॉ. तुषार पालवे ने बताया कि लोगों में मोबाइल पर यूट्यूब और इंस्टाग्राम वीडियो देखने का चलन बढ़ा है। इस आदत के चलते लोग काम के समय भी रील्स देखते हैं। इससे उनके काम पर असर पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने ड्यूटी के दौरान अस्पताल के अधिकारियों और कर्मचारियों के मोबाइल फोन पर सोशल मीडिया केइस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। मोबाइल फोन का इस्तेमाल सिर्फ सरकारी कामकाज के लिए करने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा प्रशासनिक संदेश भेजने के लिए इंस्टेंट मेसेजिंग एप का इस्तेमाल करने को कहा गया है। अस्पताल प्रशासन द्वारा जारी पत्र में अधीक्षक ने स्पष्ट कहा है कि स्वास्थ्य सेवा एक महत्वपूर्ण सेवा है इसमें किसी प्रकार की ढिलाई न हो।

#### होगी कार्रवाई

पत्र में यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि अस्पताल का कोई भी कर्मचारी या अधिकारी ड्यूटी के दौरान मोबाइल पर सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हुए पाया गया तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि डॉ. तुषार ने कार्रवाई का स्वरूप नहीं बताया है। उनका कहना है कि कई बार खाली समय में कर्मचारी-अधिकारी मोबाइल पर सोशल मीडिया पर वक्त बिताते हैं। इस वजह से वे अपनी जिम्मेदारियोंको कैसे बेहतर कर सकते हैं इस पर ध्यान नहीं दे पाते।

# शवों को वापस लाने की तैयारी

### पीड़ितों की मदद के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार नेपाल में सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने में जुटी हुई है। गौरतलब है कि शुक्रवार को महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं को उत्तर भारत और नेपाल की यात्रा पर लेकर जा रही बस नेपाल में घुमावदार पहाड़ियों में अनियंत्रित होकर नदी में पलट गई थी। इस हादसे में 27 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई थी। वहीं 16 यात्रियों को जिंदा बचा लिया गया था। इनमें से 12 घायलों को गंभीर हालत में हेलीकॉप्टर से काठमांडू भेजा गया था।



#### पीड़ितों को आवश्यक सहायता प्रदान करने में जुटी महाराष्ट्र सरकार

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने सभी प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने कहा, 'शुक्रवार को काठमांडू में हुई दुखद घटना के संबंध में मैंने केंद्रीय रक्षा मंत्रालय से बात की है। गृह मंत्री ने सभी प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है और उन्हें वायु सेना द्वारा गोरखपुर से नासिक ले जाया जाएगा।

#### निगरानी के लिए नेपाल पहुंची रक्षा खडसे

इस बीच, केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे नेपाल के तनाहुन जिले में बस दुर्घटना के पीड़ितों और जीवित बचे लोगों की वापसी की निगरानी के लिए शनिवार को नेपाल पहुंचीं। काठमांडू में भारत स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, 23 अगस्त को तानाहुन जिले के आनबू कैरेनी इलाके में भारतीय नागरिकों को लेकर जा रही बस राजमार्ग से उतरकर मार्स्यांगडी नदी में गिर गई।

#### भारतीय दूतावास ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जयसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'हमारा दूतावास इस मामले में हर संभव मदद कर रहा है। दुर्घटना में घायल हुए 16 लोगों को एयरलिफ्ट किया गया है और फिलहाल अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।' खडसे ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वह दुर्घटना में घायलों से मिलने के लिए त्रिभुवन यूनिवर्सिटी टीचिंग हॉस्पिटल गईं। काठमांडू में भारतीय दूतावास ने प्रभावित परिवारों तक सहायता पहुंचाने के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं और वे स्थानीय अधिकारियों और प्रभावित परिवारों के साथ लगातार संपर्क में हैं। दूतावास द्वारा उपलब्ध कराए गए हेल्पलाइन नंबर हैं- +977-9851107021, +977- 9851316807 और +977-9749833292 । ये सभी नंबर व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध हैं।

## पति ने पत्नी पर किया हमला, गिरफ्तार

### पुलिस के सामने आरोपी ने कबूल किया गुनाह

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई में 26 साल के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। बताया जा रहा है दोनों के बीच झगड़ा हुआ फिर झगड़े के बाद कथित तौर पर पति ने धारदार हथियार से अपनी पत्नी की हत्या कर दी और शनिवार तड़के यहां पश्चिमी उपनगर में हमले की सूचना देने के लिए वो एक पुलिस स्टेशन पहुंचा, पुलिस ने ये जानकारी दी है। शख्स की पहचान इंतेकाफ इदरीस अंसारी के रूप में की गई है। एक अधिकारी ने बताया कि इंतेकाफ इदरीस अंसारी सुबह करीब छह बजे पश्चिमी उपनगर मलाड के मालवानी पुलिस थाने में गया और अधिकारियों को सूचित किया कि उसने अपनी पत्नी पर हमला किया, जिसके बाद वह बेहोश हो गई है।

#### आरोपी के घर भेजी गई पुलिस की टीम




पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक टीम अंसारी के घर भेजी गई और उसकी पत्नी आयशा (22) खून से लथपथ पाई गई। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने बहस के बाद धारदार हथियार से अपनी पत्नी का गला काटने की बात कबूल कर ली है। उन्होंने बताया कि अंसारी को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है और आगे की जांच जारी है।

# अभिनेत्री का अश्लील वीडियो बना किया वायरल

### होटल को मुंबई पुलिस ने भेजा नोटिस

दोपहर संवाददाता | मुंबई/वाराणसी

जिले के चौक स्थित एक होटल को मुंबई की बांगुरनगर एलआर स्टेशन की पुलिस ने नोटिस दी है। पुलिस ने मैनेजमेंट को होटल के रिकॉर्ड के साथ थाने पर उपस्थित होने को कहा है। मामला मराठी अभिनेत्री के अश्लील वीडियो वायरल करने से जुड़ा है। मराठी धारावाहिक में काम करने वाली प्रसिद्ध अभिनेत्री का साल 2023 में अश्लील वीडियो सामने आया था। इसके बाद उसने मुंबई पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस की मानें तो साइबर जालसाजों ने 2023 में उसे मुनाफा कमाने के लिए इंस्टाग्राम पर अपने झांसे में लिया था। अकाउंट खोलने के कुछ दिन बाद उसे पता चला की उसका अश्लील वीडियो वायरल कर दिया गया है।



#### गोरेगांव की रहने वाली है अभिनेत्री

मुंबई के गोरेगांव की रहने वाली मराठी अभिनेत्री ने बताया इंस्टाग्राम पर रेनाउन एप के संबंध में एक महिला ने मैसेज करके बताया कि इससे काफी पैसा कमाया जा सकता है। इस पर उसने उसमें अकाउंट खोला। इसके बाद एक युवक उसे गाइड करता रहा। कुछ दिन बाद एक अन्य आईडी से मैसेज आया कि आप का अश्लील वीडियो वायरल है और वह वीडियो उसे भेज दिया गया। इस पर उसने पुलिस की सहायता ली।

#### मैनेजमेंट को होटल के रिकॉर्ड के साथ उपस्थित होने का निर्देश

मुंबई पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि यह वीडियो वाराणसी के चौक थाने के एक होटल के वाई-फाई से कनेक्ट कर वायरल किया गया। इसे यहीं से बनाया गया। फिर अलग-अलग सोशल वेबसाइट पर अपलोड किया गया। इस पर उक्त होटल को नोटिस भेजते हुए रिकार्ड के साथ थाने पर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

## संपादकीय

# कमला की दावेदारी

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिये डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के विधिवत पार्टी प्रत्याशी घोषित होने के बाद आगामी पांच नवंबर को होने वाले चुनावी मुकाबले की स्थिति स्पष्ट हो गई है। अब चुनावी मैदान में कमला हैरिस की दमदार उपस्थिति से समीकरण बदल गए हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप, जो पिछले महीनों में अजेय बढ़त लेते दिख रहे थे, अब पहले जैसी स्थिति में नहीं हैं। खासकर एक जनसभा में उनकी कथित हत्या के प्रयास में बाल-बाल बचने के बाद उन्होंने जिस तरह निडरता से अपनी मुट्ठी तानकर अपनी सशक्त अभिव्यक्ति दी थी, उससे वे सहानुभूति के चलते बढ़त लेते नजर आ रहे थे। तब राष्ट्रपति जो बाइडेन का चुनाव अभियान लगातार पिछड़ता नजर आ रहा था, जिससे ट्रंप खासे उत्साहित थे। लेकिन अब चुनाव अभियान से जुड़ी स्थितियां पिछले कुछ हफ्तों में तेजी से बदलती नजर आ रही हैं। दरअसल, सेहत के मुद्दे तथा शिथिल प्रदर्शन के चलते डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से बाइडेन पर राष्ट्रपति चुनाव के लिये दावेदारी वापस लेने का लगातार दबाव बढ़ता गया । कालांतर भारी दबाव के बाद बाइडेन ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिये अपनी दावेदारी को वापस ले लिया। जिसके बाद भारतीय और जमैका के अप्रवासियों की बेटी कमला हैरिस के चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ। धीरे-धीरे चुनावी मुहिम में तेजी आई और डेमोक्रेट सही मायनों में पटरी पर लौटते नजर आए हैं। जिससे पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप के लिये असहज स्थितियां बनने लगी। निस्संदेह, कुशल वक्ता के रूप में दमदार उपस्थिति से कमला हैरिस ने अमेरिकी जनमानस का ध्यान खींचा। इतना ही नहीं, उन्हें डेमोक्रेट पार्टी के दिग्गज नेताओं का भी खुला समर्थन मिला। जिसमें पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और बिल क्लिंटन के दमदार भाषणों ने कमला हैरिस की दावेदारी को और सशक्त बनाया। कुल मिलाकर पार्टी के कमला को विधिवत प्रत्याशी घोषित करने वाले सम्मेलन के बाद चुनावी अभियान में उन्हें बढ़त मिलती दिख रही है। निस्संदेह, आने वाले दिनों में चुनावी मुकाबला कड़ा होता जाएगा। एक मुखर व बेबाक वक्ता के रूप में कमला हैरिस अमेरिकी जनमानस को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने जनमानस की आकांक्षाओं के अनुरूप संदेश देने का प्रयास किया है कि व्हाइट हाउस में एक 'अगंभीर आदमी' की वापसी के 'गंभीर परिणाम' अमेरिकी जनता को भुगतने पड़ सकते हैं। दरअसल, अभी तक वर्तमान राष्ट्रपति बाइडेन को केंद्र में रखकर आक्रामक नीति बनाने वाले ट्रंप को अब मैदान में कमला हैरिस के उतरने के बाद नए सिरे से रणनीति बनानी पड़ रही है। वे असमंजस की स्थिति में हैं। वे जानते हैं कि उनका मुकाबला एक दमदार प्रत्याशी से है, जो उनके कथित यौन अपराधों में संलिप्तता के मुद्दे पर आड़े हाथ लेने से पीछे नहीं रहने वाली। वहीं ट्रंप के कार्यकाल में ओवल ऑफिस में देखी गई अराजकता तथा वर्ष 2020 के चुनाव में पराजय के बाद कैपिटल हिल में उनके समर्थकों के हिंसक कृत्य अमेरिकियों के दिमाग में अभी भी ताजे हैं। बहरहाल, अमेरिकी जनमानस में कमला हैरिस की लगातार बढ़ती लोकप्रियता से मुकाबले में ट्रंप को कोई जादू करना पड़ेगा। हालांकि, सर्वेक्षणों में कमला हैरिस की लोकप्रियता में वृद्धि देखी गई है। इसी कड़ी में ट्रंप को अगले महीने कमला के खिलाफ टेलीविजन पर होने वाली बहस में अपनी पकड़ बनानी होगी। हालांकि, पिछले जून की बहस में वे जो बाइडेन पर बढ़त लेते नजर आए थे। दरअसल, जो बाइडेन स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते पिछड़ते दिखे थे, जो जनमानस में बड़ा मुद्दा बना दिया गया। इतना ही नहीं डेमोक्रेट पार्टी में भी जो बाइडेन पर नाम वापसी के लिये दबाव बढ़ता गया। निस्संदेह, अब परिस्थितियां बदल गई हैं। पहले जहां बाइडेन को इस चुनाव में सबसे ज्यादा उम्रदराज व्यक्ति के रूप में दर्शाया जा रहा था, अब कमला हैरिस ट्रंप के मुकाबले युवा हैं। जिसका लाभ उन्हें चुनाव अभियान में मिल सकता है। इसके बावजूद कमला को ध्यान रखना होगा कि सिर्फ ट्रंप को कोसने से ही वे बढ़त नहीं ले सकतीं। उन्हें अमेरिका को आगे बढ़ाने का रोड मैप व्यावहारिक कार्ययोजना के साथ अपने मतदाताओं के समक्ष रखना होगा।

# तंत्र की अदूरदर्शी नीतियों से बाधित शोधकार्य

**दिनेश सी. शर्मा**



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (दिल्ली) (आईआईटी) और कुछ अन्य शीर्ष रैंकिंग प्राप्त अनुसंधान एवं शैक्षणिक संस्थानों को पिछले पांच वर्षों में मिली अनुसंधान राशि पर जीएसटी कर चुकाने का नोटिस मिला है। बताया गया है कि ब्याज और जुर्माने सहित अकेले आईआईटीडी की रकम 120 करोड़ रुपये बनती है। हालांकि, अकादमिक एवं वैज्ञानिक समुदाय ने इस मुद्दे पर खुलकर प्रतिक्रिया देने से गुरेज किया है, लेकिन उद्यमी और निवेशक टीवी मोहनदास पई ने इसको 'कर आतंकवाद का सबसे बुरा रूप' करार दिया है। ठीक एक महीने पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में लैब केमिकल्स पर सीमा शुल्क 10 फीसदी से बढ़ाकर 150 फीसदी कर दिया था। उच्च शुद्धता वाले एंजाइम, अभिकर्मक (रीजेंट्स) और रसायन अनुसंधान के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और इन्हें आमतौर पर आयात करना पड़ता है। इस विचित्र कदम ने वैज्ञानिक समुदाय को सकते में डाल दिया क्योंकि इससे वर्तमान और भविष्य की परियोजनाओं की लागत रातो-रात बढ़ जाती है। हालांकि, मीडिया और सोशल मीडिया पर वैज्ञानिकों की नाराजगी की प्रतिक्रिया में यह भारी बढ़ोतरी वापस ले ली गई। ये घटनाएं अलग-अलग नहीं हैं, जिन्हें नौकरशाही का अनाड़ीपन ठहराकर रफा-दफा किया जाए बल्कि ऐसी हरकतें जनता के पैसे से चल रहे अनुसंधान एवं उच्च शिक्षा को कमज़ोर करने वाली नीति का हिस्सा प्रतीत होती हैं। अनुसंधान फंडिंग पर यह टैक्स नोटिस, तकनीकी उपकरणों पर जीएसटी दर को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 फीसदी किए जाने के कुछ साल बाद आया है। इससे वैज्ञानिक एवं तकनीकी उपकरण, अन्य मशीनें, सहायक औजार और उपभोग्य सामग्री की खरीद काफी महंगी बन गई।

वैज्ञानिक अनुसंधान पर संभावित प्रभावों से चिंतित, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) के कार्यालय ने सरकार को एक प्रपत्र भेजा है, जिसमें कहा गया : 'हो सकता है कि निजी संगठन टैक्स की दर में हुए परिवर्तन के प्रभावों को धीरे-धीरे पचा भी लें किंतु सार्वजनिक धन से चल रहे संस्थानों के लिए गुंजाइश कम है।' इस पर, वित्त मंत्रालय ने जीएसटी वृद्धि के वास्तविक प्रभाव को कम करने के वास्ते अतिरिक्त धन आवंटन का वादा करके लीपापोती और पीएसए को शांत करने का प्रयत्न किया। तथापि, सरकार ने स्थितियों में बदलाव के लिए कुछ नहीं किया, जैसा कि हालिया जीएसटी नोटिस और प्रयोगशाला रसायनों पर सीमा शुल्क वृद्धि (अब वापस ले ली गई) जैसे कृत्यों से जाहिर होता है।

अनुसंधान एवं नवाचार ऐसे वातावरण में पल्लवित हो सकते हैं जहां सरकार अनुसंधान के वास्ते पर्याप्त धन दे, संयुक्त उपक्रम को प्रोत्साहित और पोषित करे, अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के वास्ते उपयुक्त पारिस्थितिकी युक्त तंत्र (विनियमन, कराधान इत्यादि) का निर्माण करे। इन तमाम मोर्चों पर भारत का प्रदर्शन ख़राब रहा है। अनुसंधान एवं विकास मद में भारत सरकार की फंडिंग बहुत कम है- सकल घरेलू उत्पाद के 1 प्रतिशत से भी कम। बहुप्रचारित 'अम्ब्रेला रिसर्च फंडिंग एजेंसी' कही जाने वाली 'अनुसंधान राष्ट्रीय खोज फाउंडेशन' (एएनआरएफ), पिछले पांच वर्षों से निर्माणाधीन ही है। बजट भाषणों में सरकार ने नई एजेंसी के लिए पांच वर्षों में 50,000 करोड़ रुपये 'धन मंजूर करने' का हवाला देते हुए बार-बार दावा किया है कि उसने अनुसंधान एवं विकास के लिए उपलब्ध धन में काफी वृद्धि की है। 'धन मंजूर करना' जुमला भर है क्योंकि इसमें यह स्पष्ट किया गया है कि सरकारी फंडिंग का अंश केवल 30 प्रतिशत होगा और शेष 70 फीसदी निजी क्षेत्र को अपने तौर पर जुटाना होगा। यदि ऐसा है, तब भारत सरकार का योगदान 3,000 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष से कम बैठता है जो कि विज्ञान क्षेत्र से संबंधित विभागों के मौजूदा बजट से काफी कम है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय को 2024-25 के लिए 16,628 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। एएनआरएफ की स्थापना अनुसंधान एवं विकास का बोझ निजी क्षेत्र पर स्थानांतरित करने का एक स्पष्ट कदम है, लेकिन ऊपरी तौर यह दिखाई नहीं देता।

फंड की कमी के साथ-साथ वैज्ञानिक बिरादरी को लाल फीताशाही का सामना करना पड़ता है, जिसमें शोधकर्ताओं को फंड प्राप्ति, कराधान संबंधी जरूरी प्रक्रिया से निपटना, छात्रवृत्ति और फेलोशिप भत्ते के वितरण में देरी और 'मेक इन इंडिया' नियमावली के अनुसार उपकरणों की खरीद जैसी अनिवार्य शर्तों को पूरा करने में जूझना पड़ता है।

इस बारे में आईआईटी-कानपुर के एक वैज्ञानिक ने एक्स नामक सोशल मीडिया पर कमेंट किया, 'यदि आपका सारा समय अन्य कार्यों में खपने वाला है तब आप अनुसंधान पर ध्यान कैसे केंद्रित कर पाएंगे?' फिर अनुसंधान को प्रभावित करने वाले अन्य कारक भी हैं, मसलन, ऐसे वक्त में जब महत्वपूर्ण क्षेत्र में अनुसंधान मिलकर किया जा रहा हो, वैज्ञानिकों की अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के वास्ते फंड पर अंकुश लगा दिया गया है।

जहां इज़ ऑफ डूइंग साइंस सूचकांक में भारत खराब प्रदर्शन से जूझ रहा है, वहीं चीन तेजी से बढ़ रहा है। भारत द्वारा अनुसंधान एवं विकास मद पर जीडीपी के 0.66 प्रतिशत खर्च की तुलना में, चीन अपने अनुसंधान एवं विकास पर सकल घरेलू उत्पाद का 2.4 प्रतिशत खर्च कर रहा है। जैसा कि आईआईटीडी के पूर्व निदेशक वी. रामगोपाल राव ने हाल ही में कहा, 'केवल दो चीनी विश्वविद्यालयों का बजट हमारे संपूर्ण शिक्षा बजट से अधिक है।' अपने विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों को धन, सुविधाओं एवं मानवबल से महरूम करके, भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा नहीं पाल सकता।

## सहज योग

# मानवीय जागरूकता आत्म-साक्षात्कार के बिना अधूरी है



कोई भी कुछ भी कहता है उस पर बिल्कुल भी विश्वास करने की जरूरत नहीं है और जैसा कि मैंने तुमसे कहा भी है कि तुम्हें मेरी बातों पर विश्वास करने की जरूरत नहीं है।

आज का विषय वास्तव में बहुत व्यापक विषय है और विषय को समझने के लिए एकाग्रचित्त होकर ध्यान देना होगा। और जैसा कि उन्होंने आपको पहले ही बताया है कि यह मेरा व्यक्तिपरक ज्ञान है जो आपका भी हो सकता है।और आपको इसे केवल अपनी स्पंदनशील जागरूकता के माध्यम से सत्यापित करना होगा। क्योंकि यही एकमात्र जागरूकता है जो आपको पूर्ण परिणाम दे सकती है। जैसा कि मैंने आपको बताया है मानवीय जागरूकता अभी भी अधूरी है, जब तक आप आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से स्पंदनशील जागरूकता प्राप्त नहीं करते हैं जिसमें स्वयं आपसे बात करना शुरू कर देता है, आप सत्य को सत्यापित नहीं कर सकते। तो यह व्यक्तिपरक ज्ञान का सबसे आवश्यक पहलुओं में से एक है। कोई भी कुछ भी कहता है उस पर बिल्कुल भी विश्वास करने की जरूरत नहीं है। और जैसा कि मैंने तुमसे कहा भी है कि तुम्हें मेरी बातों पर विश्वास करने की ज़रूरत नहीं है। लेकिन इसे नकारा भी नहीं जा सकता क्योंकि जैसा कि मैंने आपको बताया कि यह बहुत ही सूक्ष्म विषय है और इसमें थोड़ी समझ रखनी होगी। शायद कुछ लोगों के साथ स्वीकार नहीं कर रहा हूं, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। भले ही आप इसे थोड़े समय के लिए स्वीकार कर लें, लेकिन अगर आपको पसंद न आए तो आप बाद में इसे छोड़ भी सकते हैं। लेकिन इसके ख़िलाफ़ मत बनो। मैंने अपने 8 व्याख्यानों में भारत में इस विषय पर बात की है और यहां मुझे एक व्याख्यान देना है। तो यह आपके लिए एक कठिन परीक्षा है। मेरे लिए यह ख़ुशी की बात है। सबसे पहले, हमें यह समझना होगा कि ईश्वर जो है वही है।हम केवल उसे ही जान सकते हैं। हम उसे ढाल नहीं सकते।हम उसे अपनी अवधारणाओं, अपने विचारों, अपनी व्याख्याओं के अनुसार नहीं बना सकते। ईश्वर के पास तीन शक्तियां हैं जो उससे भी परे हैं। पहली शक्ति उसे अपने से परे अभिव्यक्ति या जैसा कि मैं इसे कहती हूं, आभा के रूप में मिली है। उसकी तीन आभाएं हैं जो उससे परे हैं, और तीन आभाएं हैं जो उसके सामने हैं और वह बीच में है। आप देखिए, इस भाषा का प्रयोग करना होगा क्योंकि आप अन्यथा नहीं समझते हैं। तीन शक्तियां या तीन आभाएं जो उसके पीछे या उसके ऊपर या उससे परे दिखाई देती हैं, उनमें से पहला है अनंत काल। वह शाश्वत है। वह शाश्वत बने रहना बंद नहीं कर सकता।उसे वैसा ही बनाया गया है। यही उसका स्वभाव है। वह वही है। वह चाहकर भी अनंत काल के उस स्वभाव को नहीं छोड़ सकता। तो वह एक शाश्वत प्राणी है जो परे है। भले ही वह कहे, ₹मैं हार मान लूंगा, यह सब बकवास है।₹ वो नहीं कर सकता। उसने स्वयं को स्वयं से ही बांध रखा है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

## जीवन ऊर्जा

नील आर्मस्ट्रांग : निधन- 25 अगस्त 2012 — देहावसान

# आपका पुस्तकालय मन और आत्मा का भंडार है

नील आर्मस्ट्रांग का जन्म 5 अगस्त, 1930 को वेपकॉनेटा, ओहायो में हुआ था। नील एल्डन आर्मस्ट्रांग एक अमेरिकी खगोलयात्री और चंद्रमा पर कदम रखने वाले पहले व्यक्ति थे। आर्मस्ट्रांग की मृत्यु, सिनसिनाती ओहायो, में 25 अगस्त 2012 को 82 वर्ष की उम्र में बाईपास सर्जरी के दोरान हुई।



विश्वास से परे जाने के लिए जगहें हैं। रहस्य आश्चर्य पैदा करता है और आश्चर्य मनुष्य की समझने की इच्छा का आधार है। कुछ चीजें आपके नियंत्रण से बाहर होती हैं। आपके सहयोग के बिना जो चीजें आपसे आसानी से चोरी नहीं होती हैं, वे आपके सिद्धांत और आपके मूल्य हैं। आपके सिद्धांत और आपके मूल्य आपकी सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति हैं और अगर सावधानी से चुने और पोषित किए जाएं, तो यह आपकी और आपके साथी की अच्छी सेवा करेंगे। ज्ञान सभी मानवीय उपलब्धियों और प्रगति के लिए मौलिक है। ज्ञान ही कुंजी और खोज दोनों है जो मानव जाति को आगे बढ़ाती है। ज्ञान की खोज वह है जो मनुष्य को चंद्रमा पर ले आई, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए पहले से अर्जित ज्ञान की आवश्यकता थी। हम जो ज्ञान प्राप्त करते हैं उसका उपयोग कैसे करते हैं यह पृथ्वी पर, अंतरिक्ष में या चंद्रमा पर हमारी प्रगति को निर्धारित करता है। अनुसंधान नया ज्ञान पैदा करता है। आपका पुस्तकालय मन और आत्मा का भंडार है। इसे भी इस्तेमाल करें। मेरा मानना है कि हर इंसान के दिल की धड़कनों की एक सीमित संख्या होती है। यह मनुष्य के लिए एक छोटा कदम है, मानव जाति के लिए एक बड़ी छलांग है। उड़ान में, जीवित रहने की संभावना आगमन के कोण के व्युत्क्रमानुपाती होती है। हम सभी आतिशबाजी के एक टुकड़े के लिए नहीं, बल्कि अपने दैनिक कार्य के बही-खाते के लिए पहचाने जाना पसंद करते हैं। एक बात का मुझे अफसोस है कि मेरे काम के लिए बहुत अधिक समय और बहुत अधिक यात्रा की आवश्यकता थी। लोगों को षड्यंत्र के सिद्धांत पसंद हैं। रहस्य आश्चर्य पैदा करता है और आश्चर्य मनुष्य की समझने की इच्छा का आधार है। हम सभी आतिशबाजी के एक टुकड़े के लिए नहीं, बल्कि अपने दैनिक कार्य के बही-खाते के लिए पहचाने जाना पसंद करते हैं।

## शख्सियत — विनेश फोगाट

### भारतीय महिला पहलवान, राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में जीता स्वर्ण पदक




विनेश फोगाट एक भारतीय महिला पहलवान हैं। वह राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों दोनों में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं। विनेश विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कई पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला पहलवान हैं। फोगट 2019 में लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स के लिए नामांकित होने वाली पहली भारतीय एथलीट हैं।

विनेश फोगाट का जन्म 25 अगस्त 1994 को बलाली, हरियाणा, भारत में हुआ। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा केसीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल झोझू कलां, हरियाणा से प्राप्त की। बाद में उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए एमडीयू, रोहतक, हरियाणा में दाखिला लिया। विनेश पहलवान राजपाल फोगट की बेटी और पहलवान गीता और बबीता की चचेरी बहन हैं। उनके दोनों चचेरे भाइयों ने राष्ट्रमंडल खेलों में 55 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। विश्व चैंपियनशिप 2019 में, उन्होंने अपना पहला विश्व चैंपियनशिप पदक (कांस्य) हासिल किया। विनेश फोगाट ने एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स 2018 में 50 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था। रोम में माटेओ पेलिकोन रैंकिंग सीरीज़ में 26 साल की खिलाड़ी ने 53 किग्रा फाइनल में कनाडा की डायना मैरी हेलेन वीकर को 4-0 से हराया।

2013 में नई दिल्ली भारत में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में, विनेश ने महिलाओं की फ्रीस्टाइल 52 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता, सेमीफाइनल राउंड में थाईलैंड की थो-केव श्रीप्रपा को कांस्य पदक मुकाबले में 3:0 से हराया। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न-भारत में सर्वोच्च खेल पुरस्कार, 2020 में विजेता। अर्जुन पुरस्कार, 2016 में विजेता। पद्म श्री, 2018 में भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा नामांकित। इसके अलावा दक्षिण कुश्ती चैम्पियनशिप जोहान्सबर्ग 2013 में रजत पदक, एशियाई चैंपियनशिप नई दिल्ली 2013 में कांस्य पदक, एशियाई खेल इंचियोन 2014 में कांस्य पदक, राष्ट्रमंडल खेल ग्लास्गो 2014 में स्वर्ण पदक, एशियाई चैंपियनशिप दोहा 2015 में रजत पदक, एशियाई चैंपियनशिप बैंकॉक 2016 में कांस्य पदक, एशियाई चैंपियनशिप नई दिल्ली 2017 में रजत पदक, एशियाई चैंपियनशिप बिश्केक 2018 में रजत पदक, एशियाई चैंपियनशिप शीआन 2019 में कांस्य पदक, विश्व चैंपियनशिप नूर-सुल्तान 2019 में कांस्य पदक, एशियाई चैंपियनशिप नई दिल्ली 2020 में कांस्य पदक, एशियाई चैंपियनशिप अल्माटी 2021 में स्वर्ण पदक, राष्ट्रमंडल खेल गोल्ड कोस्ट 2018 में स्वर्ण पदक, एशियाई खेल जकार्ता 2018 में स्वर्ण पदक जैसे कई पदक अपने नाम किए।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# बारह ज्योतिर्लिंगों का महत्व व महिमा

(भाग 1)

सौराष्ट्रे सोमनाथं च श्रीशैले मल्लिकार्जुनम्।
उज्जयिन्यां महाकालमोङ्कारममलेश्वरम्।।
परल्यां वैद्यनाथं च डाकिन्यां भीमशङ्करम्।
सेतुबन्धे तु रामेशं नागेशं दारुकावने।।
वाराणस्यां तु विश्वेशं त्र्यम्बकं गौतमीतटे।
हिमालये तु केदारं घुश्मेशं च शिवालये।।
एतानि ज्योतिर्लिङ्गानि सायं प्रातः पठेन्नरः।
सप्तजन्मकृतं पापं स्मरणेन विनश्यति।।
एतेशां दर्शनादेव पातकं नैव तिष्ठति।
कर्मक्षयो भवेत्तस्य यस्य तुष्टो महेश्वराः।।



सोमनाथ ज्योतिर्लिंग भारत का ही नहीं अपितु इस पृथ्वी का पहला ज्योतिर्लिंग माना जाता है, यह मंदिर गुजरात राज्य के सौराष्ट्र क्षेत्र में स्थित है, इस मंदिर के बारे में मान्यता है, कि जब चंद्रमा को दक्ष प्रजापति ने श्राप दिया था, तब चंद्रमा ने इसी स्थान पर तप कर इस श्राप से मुक्ति पाई थी।

ऐसा भी कहा जाता है कि इस शिवलिंग की स्थापना स्वयं चन्द्र देव ने की थी, विदेशी आक्रमणों के कारण यह सत्रह बार नष्ट हो चुका है, हर बार यह बिगड़ता और बनता रहा है, आज यानी सोमवार के दिन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का दर्शन व पूजा करने से मनुष्य के सभी पापों और तीनों तापों का नाश हो जाता है, और भोलेनाथ शीवजी में भक्ति बढ़ती है।

मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग आंध्रप्रदेश में कृष्णा नदी के तट पर श्रीशैल नाम के पर्वत पर स्थित है, इस मंदिर का महत्व भगवान शिव के कैलाश पर्वत के समान कहा गया है, अनेक धार्मिक शास्त्र इसके धार्मिक और पौराणिक महत्व की व्याख्या करते हैं, कहते हैं कि इस ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने मात्र से ही व्यक्ति को उसके सभी पापों से मुक्ति मिलती है।

एक पौराणिक कथा के अनुसार जहां पर यह ज्योतिर्लिंग है, उस पर्वत पर आकर शिव का पूजन करने से व्यक्ति को अश्वमेध यज्ञ के समान पुण्य फल प्राप्त होते हैं, सोमवार एवम् श्रावण महिने में शिवजी के इस ज्योतिर्लिंग के दर्शन और पूजन से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है, जीवन में मनुष्य को कम से कम एक बार तो यहाँ आकर दर्शन का लाभ जरूर उठाना चाहिये। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मध्यप्रदेश की धार्मिक राजधानी कही जाने वाली उज्जैन नगरी में स्थित है, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की विशेषता है कि ये सृष्टि के एकमात्र दक्षिणमुखी ज्योतिर्लिंग है, यहाँ प्रतिदिन सुबह की जाने वाली भस्मारती विश्व भर में प्रसिद्ध है, महाकालेश्वर की पूजा विशेष रूप से आयु वृद्धि और जीवन पर आए हुये संकट को टालने के लिये की जाती है, उज्जैनवासी मानते हैं कि भगवान महाकालेश्वर ही उनके राजा हैं, और वे ही उज्जैन की रक्षा कर रहे हैं। (क्रमशः)



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

### हवा और सूरज

एक बार हवा और सूर्य की बहस हो गयी। मैं तुमसे ज्यादा मजबूत हूं, हवा ने कहा। नहीं, तुम नहीं हो, सूर्य ने कहा। बस उसी समय, उन्होंने एक यात्री को सड़क पर चलते देखा। वह एक शॉल लपेटे हुए था। सूर्य और हवा इस बात पर सहमत हो गये कि जो भी यात्री को अपनी शॉल से अलग करेगा वह अधिक मजबूत होगा। हवा ने पहली बारी ली। उसने कंधों से यात्री के शॉल को फाड़ने के लिए अपनी सारी ताकत लगा दी। लेकिन जितनी तेजी हवा ने दिखाई, उतने ही जोर से यात्री ने शॉल को अपने शरीर में जकड़ लिया। सूर्य की बारी आने तक संघर्ष चलता रहा। अब सूर्य की बारी थी। सूर्य गर्म होकर मुस्कुराया। यात्री ने मुस्कुराते हुए सूर्य की गर्मी महसूस की। जल्द ही उसने शॉल को खुला छोड़ दिया। सूर्य गर्म और गर्म.....और गर्म हो गया। अब यात्री को अपने शॉल की जरूरत नहीं थी। उसने उसे उतारकर जमीन पर गिरा दिया। फिर सूर्य को हवा से अधिक मजबूत माना गया। क्रूर बल वह हासिल नहीं कर सकता जो एक कोमल मुस्कान कर सकती है।

### जल्दबाजी में निर्णय

एक राजा नगर भ्रमण करने के लिए राज दरबार से निकलता है। शाम को जब वह भ्रमण कर राज दरबार में आता है तो उनके पैरों में छाले पड़ जाते हैं। वह तुरंत अपने प्रजा को आदेश देता है कि पूरे गांव के सड़क को मखमल से ढक दिया जाए। प्रजा आश्चर्यचकित हो जाती है और सोचते है कि भला इतने बड़े गांव को मखमल से ढकने के लिए कितने सारे पैसे लगेंगे इतने पैसे हम राजा से कैसे मांगे? प्रजा मुखिया को यह सब बातें बताते हैं कि समस्या का हमें हल बताइए? राजा ने आदेश तो दे दिया है पर हम राजा से पैसे कैसे मांगे? प्रजा का मुखिया राजा को पूछता है कि यह निर्णय आप किस कारण से ले रहे हैं आप मुझे बताइए ? राजा कहता है कि मैं जब नगर भ्रमण के लिए निकला था तो सड़क पर काफी सारे छोटे छोटे कंकर से मेरे पैरों में छाले आ गए। मैं नहीं चाहता कि हमारे नगर में कोई भी व्यक्ति को यह परेशानी हो जिस परेशानी से में जूझ रहा हूं। मुखिया जवाब देते हुए कहते हैं इतनी छोटी सी बात के लिए आप करोड़ों का निवेश करोगे। इससे अच्छा रहेगा की हम मखमल के जूते बना देते हैं। और पूरे नगर को मखमल के जूते वितरण कर देते। उस पर विश्लेषण करता है उसके निर्णय हमेशा सही होते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# जन्माष्टमी व्रत पर क्या बनाएं, श्रीकृष्ण को भोग लगाएं

जन्माष्टमी, भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का पर्व, हिन्दू धर्म में विशेष महत्व रखता है। इस दिन भक्तगण व्रत रखते हैं और भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करते हैं। व्रत के दौरान कुछ विशेष खाद्य पदार्थ बनाकर भगवान को भोग लगाते हैं। आइए जानते हैं जन्माष्टमी व्रत पर क्या-क्या बनाया जा सकता है:



### ☐ मखाने की खीर:

व्रत में खीर का विशेष महत्व है और मखाने की खीर सबसे लोकप्रिय है। इसे बनाने के लिए मखाने को घी में हल्का भूनकर दूध में पकाया जाता है। इसमें चीनी, इलायची, और सूखे मेवे डालकर इसे और स्वादिष्ट बनाया जाता है। यह खीर भगवान को अर्पित की जाती है और फिर प्रसाद के रूप में ग्रहण की जाती है।

### ☐ साबूदाने की खिचड़ी:

साबूदाने की खिचड़ी व्रत के दिनों में सबसे पसंदीदा व्यंजन है। साबूदाने को भिगोकर उसमें मूंगफली, आलू, और हरी मिर्च के साथ पकाया जाता है। इसे सेंधा नमक और नींबू के रस से स्वादिष्ट बनाया जाता है। यह व्यंजन हल्का और पोषक होता है, जिसे व्रत के दौरान खाया जा सकता है।

### ☐ फलाहारी पकोड़े:

फलाहारी पकोड़े एक स्वादिष्ट व्रत का व्यंजन है। इसे कुट्टू या सिंघाड़े के आटे में आलू, हरी मिर्च और सेंधा नमक मिलाकर बनाया जाता है। इस मिश्रण को गरम तेल में तलकर खस्ता पकोड़े तैयार होते हैं। ये पकोड़े भगवान को अर्पित करने के बाद व्रतधारी खा सकते हैं।

### ☐ पंजीरी:

पंजीरी भगवान श्रीकृष्ण के प्रिय प्रसाद में से एक है। इसे सूजी या आटे, घी, और सूखे मेवों के साथ बनाया जाता है। इसमें पिसी हुई चीनी और इलायची मिलाकर इसे मीठा और स्वादिष्ट बनाया जाता है। पंजीरी को व्रत के दौरान भगवान को भोग लगाने के बाद प्रसाद के रूप में खाया जाता है।

### ☐ राजगिरा लड्डू:

राजगिरा (अमरनाथ) के लड्डू भी व्रत में बनाए जा सकते हैं। राजगिरा को गुड़ या शक्कर के साथ मिलाकर लड्डू बनाए जाते हैं। ये लड्डू पौष्टिक होते हैं और व्रत के दौरान ऊर्जा प्रदान करते हैं।

### ☐ श्रीखंड:

श्रीखंड एक और लोकप्रिय मिठाई है जो व्रत में बनाई जाती है। इसे गाढ़े दही, चीनी, और इलायची के साथ बनाया जाता है। इसमें केसर और सूखे मेवे डालकर इसे और स्वादिष्ट बनाया जाता है।

# मां के जीवन को सरल बनाने के मजेदार तरीके

मां होने का मतलब है दिन-रात ढेरों काम और जिम्मेदारियां। कभी-कभी यह सब संभालना थका देने वाला हो सकता है। लेकिन जीवन को सरल और मजेदार बनाने के लिए कुछ आसान तरीकों को अपनाकर आप तनाव कम कर सकती हैं। एक व्यवस्थित दिनचर्या, कैलेंडर का उपयोग, सरल भोजन तैयार करना, घर को व्यवस्थित रखना, और मदद मांगना—ये पांच सरल उपाय आपके जीवन को खुशहाल और प्रबंधनीय बना सकते हैं।



### ◆ रूटीन बनाएं

एक नियमित दिनचर्या बनाना बहुत मददगार हो सकता है। रोजाना एक ही समय पर उठें, खाना खाएं, और सोने जाएं। इससे सब कुछ व्यवस्थित रहेगा और आपका दिन आसान हो जाएगा। आप सप्ताह का एक शेड्यूल भी बना सकती हैं जिसमें कामों और गतिविधियों का टाइम टेबल हो।

### ◆ फैमिली कैलेंडर का इस्तेमाल करें

एक फैमिली कैलेंडर सभी के लिए उपयोगी हो सकता है। इसमें सभी महत्वपूर्ण तारीखें, अपॉइंटमेंट्स, और गतिविधियाँ लिखें। आप दीवार पर एक बड़ा कैलेंडर या अपने फोन पर एक डिजिटल कैलेंडर का उपयोग कर सकते हैं। इससे सभी को पता चलेगा कि क्या होने वाला है और कोई भी काम या अपॉइंटमेंट मिस नहीं होगा।

### ◆ भोजन को सरल बनाएं

भोजन तैयार करना आसान बनाने के लिए कुछ टिप्स अपनाएं। हफ्ते का भोजन पहले से प्लान करें और एक शॉपिंग लिस्ट बनाएं। आप जल्दी पकने वाले या स्लो कूकर रेसिपीज का उपयोग कर सकती हैं। बड़े पैमाने पर खाना बना कर उसे फ्रीज में रख लें। इससे व्यस्त दिनों में खाना बनाना आसान हो जाएगा।

### ◆ अपने घर को व्यवस्थित रखें

एक साफ और व्यवस्थित घर आपके जीवन को आसान बना सकता है। अपने घर में जो भी चीजें जरूरत की नहीं हैं, उन्हें निकाल दें। हर कमरे को एक-एक करके व्यवस्थित करें और चीजों को सही जगह पर रखें। इससे आपको चीजें जल्दी मिलेंगी और घर की सफाई भी आसान होगी।

### ◆ मदद मांगें

जब भी आपको लगे कि सब कुछ संभालना मुश्किल हो रहा है, तो मदद मांगने से हिचकिचाएं नहीं। अपने साथी, परिवार या दोस्तों से मदद ले सकती हैं। छोटे-छोटे कामों में उनकी मदद से आपका बोझ हल्का हो सकता है। याद रखें, दूसरों से मदद मांगना कमजोरी नहीं है, बल्कि समझदारी है।

# तांबडी सुर्ला- इतिहास और हरियाली

गोवा की हलचल भरी दुनिया से दूर, छिपा हुआ है तांबडी सुर्ला—एक शांतिपूर्ण गांव जो इतिहास और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है। यहाँ के प्राचीन तांबडी सुर्ला मंदिर की अद्भुत वास्तुकला और आसपास के हरे-भरे जंगल, आपको एक अलग ही अनुभव देंगे। अगर आप गोवा की भीड़-भाड़ से दूर, शांति और प्रकृति का आनंद लेना चाहते हैं, तो तंबडी सर्ला आपकी यात्रा का एक अनमोल हिस्सा हो सकता है।



### तांबडी सुर्ला के आसपास देखने लायक और आकर्षण

तांबडी सुर्ला न केवल अपने ऐतिहासिक मंदिर और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि इसके आस-पास भी कई ऐसे स्थान हैं जो आपकी यात्रा को और भी रोमांचक और यादगार बना सकते हैं। यहाँ के आसपास देखने लायक कुछ प्रमुख स्थान और गतिविधियां हैं:



### ○ साई मंदीर

साई मंदीर, तंबडी सर्ला के पास स्थित एक अन्य प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। यह मंदिर साईं बाबा की पूजा के लिए जाना जाता है और यहाँ की शांतिपूर्ण और धार्मिक वातावरण भक्तों को मन की शांति प्रदान करता है।



### ○सपेरा का किला

सपेरा का किला, एक ऐतिहासिक किला है जो गोवा के पुराने इतिहास को दर्शाता है। यहाँ से आपको अद्भुत दृश्य मिलते हैं और किले की संरचना भी देखने लायक है।



### ○ दूध सागर झरना

दूधसागर झरना, गोवा के सबसे बड़े और खूबसूरत झरनों में से एक है। यह तांबडी सुर्ला से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित है। चारों ओर हरी-भरी घाटियां और झरने की गिरती धारा का दृश्य वाकई मंत्रमुग्ध कर देने वाला है।



### ○ सालगांव

सालगांव, तांबडी सुर्ला के पास स्थित एक सुंदर गांव है। यहाँ की स्थानीय संस्कृति, पारंपरिक गोवा की शैली के घर और शांत वातावरण, इसे एक शानदार घूमने का स्थान बनाते हैं। सालगांव चर्च, एक अद्भुत वास्तुकला का उदाहरण है और यहाँ का मौसम भी बहुत सुहावना होता है।



### ○ मापुसा

मापुसा, तांबडी सुर्ला से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक प्रमुख शहर है। यहाँ आप स्थानीय बाजार में शॉपिंग कर सकते हैं और गोवा की स्थानीय संस्कृति को महसूस कर सकते हैं।




### ○ अंजुना और वागाटोर बीच

हालांकि तांबडी सुर्ला समुद्र तटों से दूर है, लेकिन गोवा के कुछ प्रसिद्ध समुद्र तट जैसे अंजुना और वागाटोर, यहाँ से लगभग 40-50 किलोमीटर दूर हैं। यहाँ की सफेद रेत, नीला समुद्र, और समुद्र किनारे के कैफे आपके अनुभव को और भी बेहतर बना सकते हैं।



### ○ गोवा के हरे-भरे चाय बागान

गोवा के कुछ चाय बागान, विशेषकर सातार में, तांबडी सुर्ला के आस-पास देखे जा सकते हैं। यहाँ की चाय की खेती और हरे-भरे बागान एक अनोखा अनुभव प्रदान करते हैं।



### ○ सेंट कैथरीन चर्च

सेंट कैथरीन चर्च, ऐतिहासिक महत्व वाला एक और धार्मिक स्थल है जो गोवा के समृद्ध इतिहास का हिस्सा है। यहाँ की आर्किटेक्चर और आंतरिक सजावट बेहद खूबसूरत है।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। रोजगार की चिंता रह सकती है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। मानसिक दृढ़ता से निर्णय लेकर कार्य करना चाहिए।

**वृष:** शत्रु परास्त होंगे। भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त हो सकती है। रोजगार मिलेगा। नवीन गतिविधियां लाभकारी रहेंगी। व्यापार में नई योजनाओं का प्रारंभ होगा। पराक्रम के प्रति निष्क्रियता के कारण मन अप्रसन्न रहेगा।

**मिथुन:** परिवार की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। परोपकार से मानसिक सुख अर्जित करेंगे। व्यापारिक स्थिति आशाजनक रहेगी। पारिवारिक, मांगलिक कार्य की योजना बनेगी।

**कर्क:** व्यर्थ भागदौड़ होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। विवाद न करें। कार्य निर्णय बहुत शांति से विचार करके करना ही शुभ है। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। रुका धन मिलेगा। दुःखद समाचार मिल सकता है। विरोध होगा।

**सिंह:** फालतू खर्च होगा। अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। विवाद न करें। आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। व्ययों में कमी करना चाहिए।

**कन्या:** पुराना रोग उभर सकता है। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। आय में कमी रहेगी। धैर्य रखें। स्वास्थ्य की समस्या हल होगी। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें। आर्थिक निवेश लाभकारी रहेगा।

**तुला:** नई योजना बनेगी। कार्य का विस्तार होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। काम के प्रति दृढ़ता से कार्य में अनुकूल सफलता मिल सकेगी। पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा।

**वृश्चिक:** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। नौकरी में तबादला तथा पदोन्नति के योग हैं।


**धनु:** कुसंगति से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। विवाद न करें। सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। रोजगार के क्षेत्र में उन्नति होगी।

**मकर:** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा संभव है। विवाद न करें। रोजगार मिलेगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। आपकी मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति आपके जीवन में आनंद का संचार करेगी। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** सुख के साधन जुटेंगे। प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। अजनबियों पर विश्वास न करें।

**मीन:** वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। लाभ होगा। उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा। प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव मिलेंगे।

# वैवाहिक जीवन में शुभ तथा अशुभ योग



### वैवाहिक जीवन : शुभ तथा अशुभ योग

ज्योतिष शास्त्र अनुसार निम्न योगों द्वारा व्यक्ति का वैवाहिक जीवन अच्छा तथा वैवाहिक जीवन में अलगाव, तनाव तथा आपसी मतभेद का सरलता से ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है: सुखी वैवाहिक जीवन के ज्योतिषीय योग -यदि सप्तमेश की स्थिति केंद्र या त्रिकोण भाव में हो या सप्तमेश एकादश भाव में स्थित हो तथा विवाह के कारक ग्रह गुरु और शुक्र शुभ भाव में स्थित हों तो जातक का वैवाहिक जीवन खुशहाल रहता है। -सप्तम भाव तथा सप्तमेश पर शुभ ग्रहों की दृष्टि जातक को खुशहाल वैवाहिक जीवन प्रदान करती है।

-यदि जन्म कुंडली में सप्तमेश लग्न या पंचम भाव में हो तो ऐसे जातक का जीवनसाथी उसे दिल से प्यार करता है।

-यदि नवमांश कुंडली में लग्न कुंडली के सप्तमेश की स्थिति अच्छी हो तथा नवमांश कुंडली का सप्तमेश नवमांश कुंडली में शुभ भाव में स्थित हो तो ऐसे व्यक्ति का वैवाहिक जीवन खुशहाल रहता है। असफल वैवाहिक जीवन के योग

-यदि सप्तमेश छठे, आठवें, द्वितीय या द्वादश भाव में स्थित हो तथा शादी का कारक ग्रह गुरु या शुक्र अशुभ भाव में स्थित हों तथा पाप ग्रहों से दृष्ट हों तो जातक का वैवाहिक जीवन अत्यधिक तनावपूर्ण रहता है।

-यदि सप्तमेश वक्री हो तो जातक का वैवाहिक जीवन अच्छा नहीं होता।

-यदि सूर्य और शुक्र पंचम, सप्तम तथा नवम भाव में स्थित हों तो ऐसे जातक का वैवाहिक जीवन अच्छा नहीं होता।जीवन की सभी समस्याओं से मुक्ति प्राप्त करने के लिए यहाँ क्लिक करें !



प्रियंका जैन
9769994439

# भारतीय क्रिकेट के 'गब्बर' का क्रिकेट से संन्यास

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट के 'गब्बर', शिखर धवन ने शनिवार, 24 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। धवन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक भावुक वीडियो संदेश के जरिए से इस फैसले की जानकारी दी। 37 वर्षीय धवन ने 2010 में भारतीय टीम के लिए अपना डेब्यू किया था। धवन13 वर्षों तक टीम इंडिया के प्रमुख बल्लेबाजों में से एक रहे। उन्होंने इस दौरान टेस्ट, वनडे और टी20 में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। धवन ने कहा, 'मैं अब पीछे मुड़कर देखता हूं, तो बहुत सी यादें नजर आती हैं और आगे देखता हूं, तो पूरा संसार।'



## भावुक होकर शिखर धवन ने 13 साल के शानदार करियर को कहा अलविदा

### गब्बर का भावुक विदाई संदेश

शिखर धवन ने अपने संन्यास की घोषणा के साथ ही एक भावुक विदाई संदेश भी दिया। उन्होंने वीडियो में कहा, 'आज मैं अपनी क्रिकेट यात्रा के इस अध्याय को समाप्त कर रहा हूं, लेकिन इसके साथ अनगिनत यादें और आभार भी ले जा रहा हूं।' धवन ने अपने कोच तारक सिन्हा और मदन शर्मा का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया, जिनकी बदौलत वे इस मुकाम तक पहुंचे। धवन ने अपने प्रशंसकों का भी शुक्रिया अदा किया और कहा कि उनकी दुआओं ने उन्हें हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### वनडे और टी20 में धवन का दबदबा

वनडे और टी20 फॉर्मेट में भी धवन ने भारतीय टीम के लिए अहम योगदान दिया। उन्होंने 2010 में विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला वनडे मैच खेला। धवन ने वनडे में 167 मैचों में 6793 रन बनाए, जिसमें 17 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 91.35 रहा। टी20 में भी धवन ने 68 मैचों में 1759 रन बनाए, जिसमें 11 अर्धशतक शामिल हैं। धवन ने अपने आक्रामक अंदाज से टीम को कई मैच जिताए।

### टेस्ट क्रिकेट में धवन का प्रदर्शन

शिखर धवन ने 2013 में मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। अपने टेस्ट करियर में धवन ने 34 मैचों में हिस्सा लिया, जिनमें उन्होंने 40 .61 की औसत से 2315 रन बनाए। उनके नाम 7 शतक और 5 अर्धशतक शामिल हैं। धवन का सर्वाधिक टेस्ट स्कोर 190 रन है, जो उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही बनाया था। 2018 में उन्हें आखिरी बार टेस्ट मैच खेलने का मौका मिला था, जिसके बाद वे टेस्ट टीम से बाहर हो गए थे।

### आईपीएल में चमके शिखर धवन

शिखर धवन ने आईपीएल में भी अपना दबदबा बनाए रखा। वे आईपीएल इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं। 222 मैचों में 6769 रन बनाकर, वे विराट कोहली के बाद दूसरे स्थान पर हैं। धवन ने आईपीएल में 35 .26 की औसत और 127 .14 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उनके नाम आईपीएल में 2 शतक और 51 अर्धशतक दर्ज हैं। इस प्रदर्शन के बल पर धवन ने टी20 क्रिकेट में अपनी खास पहचान बनाई।

# भारतीय टीमों को एशियाड के लिए सर्फिंग का कोटा

एजेंसी | माले

भारतीय सर्फिंग टीम ने यहां एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के जरिये जापान के एची नागोया में होने वाले 2026 एशियाई खेलों के लिए पहली बार कोटा हासिल किया है। इसमें पुरुष और महिला दोनों टीमों ने क्वालीफाई कर लिया। एशियाई सर्फिंग में भारत के सर्फरों द्वारा हासिल कुल रैंकिंग अंक के आधार पर देश को कोटा प्रदान किया गया है। हालांकि एशियाई खेलों में दोनों वर्गों में कौन से खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, इसका फैसला भारतीय सर्फिंग महासंघ द्वारा बाद में लिया जाएगा। एशियाई सर्फिंग एशियाई खेलों की क्वालीफायर प्रतियोगिता है जिसमें आठ भारतीय सर्फरों ने चार वर्गों में हिस्सा लिया। हरीश मुथु भी एशियाई सर्फिंग के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बने। महिलाओं के वर्ग में भारत की कमाली मूर्ति और शुगर बनारसे ने हिस्सा लिया था लेकिन पहले ही बाहर हो गईं।

# पेरिस पैरालंपिक: भारतीय निशानेबाजी दल पेरिस रवाना

**भारतीय निशानेबाजी टीम**

- मनीष नरवाल, अवनी लेखरा, मोना अग्रवाल, अमीर अहमद भट, रुद्रांश खंडेलवाल, रुबीना फ्रांसिस, स्वरुप उनहालकर, सिद्धार्थ बाबू, श्रीहर्ष देवराड़ी और निहाल सिंह।

एजेंसी | नई दिल्ली

पिस्टल निशानेबाज मनीष नरवाल ने आगामी पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारतीय निशानेबाजी दल के टोक्यो पैरालंपिक में पदक तालिका को पार करने पर भरोसा जताया है। उन्होंने शनिवार को टीम के पेरिस रवाना होने से पहले कहा कि 'कड़े अभ्यास के बाद टीम अच्छी स्थिति में है।

### अवनी से ज्यादा उम्मीद

इन खेलों में भारत को पदक की सबसे ज्यादा उम्मीद अवनी से होगी जो पिछले खेलों में दो पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज बनी थीं। जयपुर की इस निशानेबाज ने टोक्यो पैरालंपिक में 10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन (एसएच1) में स्वर्ण पदक अपने नाम किए थे।भारतीय पैरालंपिक समिति को इन खेलों से 25 से अधिक पदक की उम्मीद है। भारत के समग्र प्रदर्शन में निशानेबाजी का बड़ा योगदान होगा।



### दस शूटरों से उम्मीद

राइफल निशानेबाज अवनी लेखरा, मोना अग्रवाल और नरवाल सहित 10 सदस्यीय निशानेबाजी दल 30 अगस्त से पेरिस के पास शेटराउ में आयोजित होने वाले निशानेबाजी स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेगी। भारतीय शूटरों ने तोक्यो पैरालंपिक में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते थे। टोक्यो में 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) में स्वर्ण पदक जीतने वाले नरवाल पेरिस में 10 मीटर एयर पिस्टल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। उन्होंने कहा, हमारी तैयारियां अच्छी हैं और हम पेरिस में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। हमारा लक्ष्य पिछले प्रदर्शन को पार करना और ज्यादा पदक घर लाना है।

**मुंबई के मैदानों से**

# आज मुंबई हॉफ मैरॉथन

दोपहर संवाददाता | मुंबई

बांद्रा कुर्ला संकुल स्थित जियो गॉर्डन पर रविवार, 25 अगस्त को एजस फेडरल लॉईफ इंश्योरन्स द्वारा प्रायोजित मुंबई हॉफ मैरॉथन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मुंबई हॉफ मैरॉथन में करीब बीस हजार से ज्यादा धावकों के हिस्सा लेने की संभावना है, जिनमें 6200 महिला धावक शामिल हैं। दस हजार मीटर वाली दौड़ में सबसे अधिक आठ हजार के करीब प्रविष्ठियां मिली हैं, जबकि मुंबई हॉफ मैरॉथन 21 किमी वाली दौड़ के लिए चार हजार लोगों ने फॉर्म भरे हैं। मुंबई हॉफ मैरॉथन महान क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को ब्रैन्ड एम्बेसेडर बनाया गया है। ब्रैंड एंबेसेडर के तौर पर सचिन तेंदुलकर कहते हैं कि भारत को एक खेल प्रेमी देश की जगह खिलाड़ियों द्वारा देश में बदलना महत्वपूर्ण हैं। मुंबई हॉफ मैरॉथन के लिए पंजीकरण में हुई वृद्धि के एक उत्साहजनक बात है और मुझे पूरी आशा है कि यह आयोजन पूरी तरह से सफल होगा।

# पेरिस में रजत को स्वर्ण में बदलने उतरेंगे सुहास

- 2007 बैच के आईएएस अधिकारी सुहास ने टोक्यो पैरालंपिक में रजत जीता था
- 05 पदक, तीन स्वर्ण सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब तक जीत चुके हैं सुहास



एजेंसी | नई दिल्ली

पैरालंपिक खेलों के पिछले चरण में स्वर्ण पदक जीतने में असफल होने के बाद पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास एलवाई की निगाहें पेरिस में शीर्ष पोडियम स्थान हासिल करने पर टिकी हैं। 2007 बैच के आईएएस अधिकारी सुहास ने टोक्यो पैरालंपिक में रजत पदक जीता। अभी अपनी एसएल-4 श्रेणी में वह दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी हैं और उनकी नजरें पदक का रंग बदलने पर लगीं हैं।

### दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी

*सुहास किसी भी तरह का दबाव लेने के मूड में नहीं हैं। सुहास ने पेरिस में होने वाले पैरालंपिक खेलों से पहले कहा, अभी तक सब कुछ अच्छा चल रहा है, खेलों की तैयारी अच्छी है। लेकिन मैं कोई दबाव नहीं लेना चाहता। मैं आत्ममुग्ध नहीं हो सकता। मैं आगे बहुत अधिक नहीं सोचना चाहता। सुहास तीन वर्षों से दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने कोविड काल के दौरान गौतमबुद्ध नगर के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) के रूप में कार्य किया और प्रयागराज के डीएम भी रहे।*

# आज इंडोनेशिया से भिड़ेगी अंडर-17 फुटबॉल टीम



एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय पुरुष अंडर-17 फुटबॉल टीम बाली में इंडोनेशिया के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलने को पूरी तरह से तैयार है। पहला मैच रविवार को और दूसरा मंगलवार को खेला जाएगा। शुक्रवार की रात टीम ने स्थानीय टीम बाली युनाइटेड एफसी अंडर-20 के खिलाफ अभ्यास मैच खेला जो 2-2 से ड्रॉ रहा। भारत के लिए मोहम्मद समी और मोहम्मद अरबाश ने गोल किए। कोच इश्फाक अहमद की भारतीय अंडर-17 टीम अगले महीने भूटान में होने वाली सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप और उसके बाद अक्तूबर में थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी में जुटी है।

# श्रद्धा कपूर का इंस्टाग्राम पर दबदबा

## नरेंद्र मोदी के बाद अब प्रियंका चोपड़ा को छोड़ा पीछे

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर रातों-रात करोड़ों फैंस की क्रश बन चुकी हैं। उनकी हालिया रिलीज ब्लॉकबस्टर फिल्म 'स्त्री 2' दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर सक्सेस का झंडा गाड़ चुकी है। दुनियाभर में श्रद्धा कपूर की फैन फॉलोइंग तगड़ी है, ये बात हाल ही में साबित हो गई है। श्रद्धा कपूर के इंस्टाग्राम पर धड़ल्ले से फॉलोअर्स बढ़ रहे हैं, जिसके बाद अब वह दूसरी सबसे ज्यादा फॉलो की जानी वाली भारतीय स्टार बन गई हैं।



### दूसरी सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वाली स्टार बनीं श्रद्धा

हाल ही में श्रद्धा कपूर ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में पछाड़ दिया था। जिसके बाद अब प्रियंका चोपड़ा भी इस लिस्ट में श्रद्धा से पीछे हो गई हैं। इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में श्रद्धा ने बॉलीवुड एक्ट्रेस और ग्लोबल आइकॉन प्रियंका चोपड़ा को भी पछाड़ दिया है। अब श्रद्धा कपूर इंस्टाग्राम पर 91.9 मिलियन फोलोअर्स के साथ सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली दूसरी भारतीय सेलेब बन चुकी हैं। इस मामले में भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली अभी भी इस रेस में सबसे आगे हैं।

### कौन हैं टॉप 9 भारतीय सेलेब्स

बता दें, श्रद्धा के इंस्टाग्राम 91.9 मिलियन फॉलोअर्स हो चुके हैं। जबकि प्रियंका चोपड़ा के 91.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं। प्रियंका के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 91.3 मिलियन फॉलोअर्स के साथ चौथे नंबर पर हैं। वहीं आलिया भट्ट 85.2 मिलियन के साथ पांचवे, कैटरीना कैफ 80.4 मिलियन फॉलोअर्स के साथ छठे, दीपिका पादुकोण 79.9 मिलियन के साथ सातवें और नेहा कक्कड़ 78.7 मिलियन फॉलोअर्स के साथ आठवें स्थान पर हैं।

# फिल्म 'अद्भुत' का ट्रेलर जारी

## जासूस बन सच्चाई का पर्दाफाश करेंगे नवाजुद्दीन सिद्दीकी



नवाजुद्दीन सिद्दीकी की गिनती बॉलीवुड के मंझे हुए अभिनेताओं में होती है। उनकी पिछली फिल्में भले ही ना चली हों, लेकिन नवाज ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अब वह फिल्म 'अद्भुत' लेकर आ रहे हैं, जो काफी समय से चर्चा में थी। बीते दिन इससे अभिनेता की पहली झलक सामने आई थी और अब उनकी इस फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है।

*नवाज ट्रेलर में जासूस की भूमिका में दिख रहे हैं। डायना पेंटी, श्रेया धन्वंतरि और रोहन मेहरा भी अहम किरदारों में हैं। ट्रेलर की शुरुआत रोहन और श्रेया से होती है, जो कहीं वीरान जगह पर जंगल के बीच आलीशान घर में छुट्टी मना रहे हैं, लेकिन वहां श्रेया के साथ अजीबो-गरीब घटनाएं होने लगती हैं। जांच के लिए जासूस को बुलाया जाता है। ट्रेलर अपने पीछे कई सवाल छोड़ गया है, जिसके जवाब भी बेशक 'अद्भुत' होने वाले हैं।*



# इंस्टाग्राम पर लौटीं आयशा टाकिया

*'वॉन्टेड' एक्ट्रेस आयशा टाकिया ने इंस्टाग्राम पर वापसी कर ली है। 23 अगस्त को उन्होंने सोशल मीडिया पर भारी ट्रोलिंग झेलने के बाद अपना इंस्टाग्राम अकाउंट डि-एक्टिवेट कर दिया था। हालांकि कुछ ही घंटों के बाद उन्होंने अपना अकाउंट री-स्टोर कर लिया है और एक बार फिर इंस्टाग्राम पर आ गई हैं।*

### आयशा का इंस्टा पर कमबैक

इतना ही नहीं उन्होंने इंस्टाग्राम पर कमबैक करते ही ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। बता दें, हाल ही में उन्होंने अपने नए लुक की तस्वीरें शेयर की थीं जिसमें उनका चेहरा कॉस्मेटिक सर्जरी के बाद बिलकुल बदला हुआ नजर आ रहा था। तस्वीरों में उन्हें पहचानना भी मुश्किल हो रहा है, जिसके बाद नेटिज़ियन्स ने उन्हें जमकर ट्रोल किया था। ट्रोलर्स ने तरह-तरह के कमेंट कर उनके 'लुक्स को बेकार कर लेने' और 'चेहरा बिगाड़ लेने' जैसी बातें कहकर उन्हें ट्रोल किया था। जिससे परेशान होकर आयशा ने 23 अगस्त अपना इंस्टाग्राम हैंडल डि-एक्टिवेट कर दिया था।

### ट्रोलर्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

अब कुछ ही घंटों बाद इंस्टाग्राम पर कमबैक करते ही आयशा ने ट्रोलर्स का अपने नए पोस्ट से मुंह बंद कर दिया है। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया जिसमें लिखा था- 'क्या आपने नोटिस किया, कैसे मैंने रिस्पॉन्स नहीं दिया? बहुत सोच-समझकर, बहुत प्यारे और बहुत ही नरम अंदाज में।' इसके अलावा उन्होंने अपना एक वीडियो भी पोस्ट किया जिसमें वह मिरर के सामने सेल्फी लेती दिख रही हैं। इसके साथ भी कैप्शन में लाफिंग इमोजी के साथ लिखा- 'बहुत सोचा-समझा, बहुत नर्म।'

### क्यों ट्रोल हुईं आयशा?

बता दें कि आयशा टाकिया ने हाल ही में अपने इंस्टा अकाउंट पर ट्रेडिशनल लुक में अपना एक वीडियो और तस्वीर शेयर की थी। वीडियो में एक्ट्रेस गोल्डन नेकलेस और ब्लू और गोल्डन कॉम्बिनेशनल की साड़ी पहने हुए इंडियन अवतार में नजर आ रही थीं। हालांकि हैवी कॉस्मेटिक सर्जरी के बाद एक्ट्रेस को पहचान पाना मुश्किल हो रहा था। उनके चेहरे पर प्लास्टिक सर्जरी, लिप फिलर और अन्य कॉस्मेटिक सर्जरी का इफेक्ट साफ झलक रहा था।

# सर्जरी के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज हुए रवि तेजा

*हाल ही में तमिल फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता रवि तेजा एक फिल्म की शूटिंग करते वक्त गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके हाथ में गंभीर चोट आई है जिसके चलते हाथ की मांसपेशियां फट गई हैं। उन्हें बीते शुक्रवार को तत्काल ही अस्पताल ले जाया गया जहां आनन-फानन में उनकी सर्जरी हुई। जिसके बाद वह अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए हैं।*

अब अभिनेता ने खुद अपना हेल्थ अपडेट दिया है। इन दिनों रवि तेजा अपनी अपकमिंग फिल्म 'RT75' की शूटिंग कर रहे हैं। इसी दौरान शूटिंग के वक्त उनके दाहिने हाथ में चोट आई थी जिसकी मांसपेशियों में खिंचाव आने से उन्हें दर्द से जूझना पड़ा। हालांकि एक्टर ने इसे नजरअंदाज किया और फिल्म की शूटिंग जारी रखी। ऐसे में उनके दाहिने हाथ में तकलीफ बढ़ गई और उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। अब एक्टर ने अस्पताल से डिस्चार्ज होने की जानकारी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा है कि वह जल्द काम पर लौटने के लिए एक्साइटेड हैं।



दक्षिण भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नागार्जुन के स्वामित्व वाले एन कन्वेंशन सेंटर पर बुलडोजर चला दिया गया है। 24 अगस्त की सुबह हॉल को गिराने का काम शुरू किया गया था। स्थानीय अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।



# नागार्जुन के कन्वेंशन हॉल पर चला बुलडोजर

**हाइड्रा की बड़ी कार्रवाई:** हैदराबाद आपदा प्रबंधन एवं संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) ने यह बड़ी कार्रवाई की है। हाइड्रा और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कन्वेंशन हॉल को जमींदोज कर दिया गया। यह हॉल रंगारेड्डी जिले के शिल्परामम के पास स्थित था। दरअसल, यह भूमि एफटीएल जोन के अंतर्गत आती है। माधापुर DCP ने बताया कि हॉल पर कार्रवाई के काम में कोई बाधा न आए, यह सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया था।

### पिछले कई सालों से जांच के दायरे में था ये हॉल

एन कंवेंशन हॉल को 10 एकड़ जमीन पर बनाया गया था। यह हॉल सालों से जांच के दायरे में था। कंवेंशन हॉल के प्रबंधन ने अतिक्रमण से बचने के लिए ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (GHMC) और अन्य उच्च अधिकारियों की कार्रवाई को दरकिनार किया उन्हें कार्रवाई से बचने के लिए अपने प्रभाव का उपयोग करने के आरोपों का सामना भी करना पड़ा।

### नागार्जुन ने जताई नाराजगी

नागार्जुन ने ट्वीट किया, 'एन कन्वेंशन में अवैध तरीके से की गई तोड़फोड़ से दुखी हूं, जो मौजूदा स्थगन आदेशों और कोर्ट केस के विपरीत है। यह भूमि पट्टा भूमि है और टैंक की एक इंच भी जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया गया है। गलत सूचना के आधार पर गलत तरीके से तोड़फोड़ की गई। तोड़फोड़ करने से पहले कोई नोटिस जारी नहीं किया गया। अगर अदालत ने मेरे खिलाफ फैसला दिया होता तो मैं खुद ही तोड़फोड़ कर देता।'

## न्यूज़ ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर के सोपोर में एनकाउंटर

**सोपोर।** जम्मू-कश्मीर में सोपोर के रफियाबाद इलाके में शनिवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। फिलहाल सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और सर्च ऑपरेशन चलाया है। सूत्रों के मुताबिक अभी कुछ आतंकी छिपे हो सकते हैं। वहीं अभी मारे गए आतंकी की पहचान नहीं हो सकती है। पुलिस इसकी शिनाख्त करने में जुटी हुई है।

### असम सामूहिक दुष्कर्म, मुख्य आरोपी की डूबने से मौत

**गुवाहाटी।** असम के नगांव जिले में 14 साल की नाबालिग से गैंगरेप के मुख्य आरोपी तफजुल इस्लाम की शनिवार (24 अगस्त) को डूबने से मौत हो गई। वह पुलिस हिरासत से भागने के दौरान तालाब में कूद गया था। नगांव के सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (SP) स्वप्ननील डेका ने बताया कि आरोपी को शुक्रवार (23 अगस्त) को गिरफ्तार किया गया था। आज सुबह 3:30 बजे उसे घटनास्थल पर क्राइम सीन रिक्रिएट करने के लिए लेकर जा रहे थे। एसपी के मुताबिक, आरोपी ने एक पुलिसकर्मी पर हमला किया और हिरासत से भागकर तालाब में कूद गया। पुलिसकर्मी भी घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू किया। मौके पर SDRF की टीम भी पहुंची। लगभग दो घंटे तलाश के बाद आरोपी का शव तालाब से बरामद किया गया।

### बांग्लादेशी बलों ने बीएसएफ को बाड़ लगाने से रोका


**कोलकाता।** भारत और बांग्लादेश के सुरक्षाबलों के बीच सीमा पर तनातनी देखने को मिली है। मवेशियों के लिए लगाए जाने वाली बाड़ को लेकर दोनों बलों में टकराव हुआ है। बीएसएफ ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड ने उन्हें बाड़ लगाने के काम से रोक दिया, जबकि समझौते के तहत ऐसा किया जा रहा था। बीएसएफ के डिप्टी आईजी एके आर्य ने शनिवार को कहा, बांग्लादेशी बलों द्वारा मवेशियों की बाड़ के निर्माण को रोकने की मांग के बाद तनाव बढ़ गया। हालांकि, इस दौरान कोई हिंसा नहीं हुई। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को कूचबिहार से लगे सीमा क्षेत्र में यह मामला सामने आया। इस दौरान दोनों देशों के बलों के बीच तीखी कहासुनी हुई और टकराव की स्थिति बन गई।

# मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर

**एजेंसी । कोलकाता**

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर की हत्या और दुष्कर्म के मामले में आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। शनिवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने उनके खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं का केस दर्ज किया। इससे पहले पश्चिम बंगाल सरकार ने संदीप घोष के खिलाफ जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) बनाई थी। सीबीआई ने कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर एसआईटी जांच को टेकओवर कर लिया था। उधर, पूर्व प्रिंसिपल घोष समेत 6 संदिग्धों का पॉलीग्राफ टेस्ट भी किया गया है।

## सीबीआई ने वित्तीय अनियमितता का बनाया आरोपी



### रेप-मर्डर के 2 दिन बाद पूर्व प्रिंसिपल ने दिया था इस्तीफा

*संदीप घोष ने 9 अगस्त को मेडिकल कॉलेज स्थित इमरजेंसी बिल्डिंग के सेमिनार हॉल में ट्रेनी डॉक्टर (31 साल) का शव मिलने के 2 दिन बाद पद से इस्तीफा दे दिया था। लेकिन इसके तुरंत बाद उन्हें कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का प्रिंसिपल बना दिया गया था। संदीप घोष की इसी नियुक्ति पर विवाद बढ़ता चला गया। सरकार के इस फैसले के खिलाफ छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किए और कलकत्ता हाईकोर्ट ने भी इस पर सख्त टिप्पणी की थी, जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें 'लंबी छुट्टी' पर भेजने का आदेश दिया।*

### पुलिस ने भी दर्ज किया था घोष के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस

कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज में वित्तीय अनियमितताओं की जांच शुरू की। इससे पहले ममता बनर्जी सरकार ने 2021 से अस्पताल में हो रही वित्तीय गड़बड़ियों की जांच के लिए SIT का गठन किया था। 20 अगस्त को कोलकाता पुलिस ने पूर्व प्रिंसिपल घोष के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया। अब एसआईटी ने इस मामले से संबंधित सभी दस्तावेज़ CBI को सौंप दिए हैं, जिनसे फिर से एक नया केस दर्ज किया है।

### पूर्व प्रिंसिपल समेत 6 संदिग्धों का पॉलीग्राफ टेस्ट


- *दूसरी ओर, सीबीआई संदीप घोष से करीब 88 घंटे तक पूछताछ कर चुकी है। अब पूर्व प्रिंसिपल घोष, मुख्य आरोपी संजय रॉय और 4 जूनियर डॉक्टरों का पॉलीग्राफ टेस्ट किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को इस मामले में जांच की प्रगति रिपोर्ट 17 सितंबर तक पेश करने का निर्देश दिया है।*
- *36 घंटे की ड्यूटी के दौरान लेडी डॉक्टर के हॉस्पिटल परिसर में दरिंदगी की घटना के बाद कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सोचने पर मजबूर कर दिया है। देशभर के जूनियर डॉक्टर सड़कों पर उतर आए और डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा रोकने और सुरक्षा के लिए सख्त कानून की मांग उठी है।*

# भारत ने लॉन्च किया अपना पहला रीयूजेबल रॉकेट 'RHUMI-1'

- अंतरिक्ष में पहुंचाएगा 53 सैटेलाइट

**एजेंसी । चेन्नई**

शनिवार को भारत ने अपने पहले रीयूज़ेबल हाइब्रिड रॉकेट 'RHUMI-1' को चेन्नई के तिरुविदंधाई से लॉन्च किया। इस रॉकेट को तमिलनाडु की स्टार्ट-अप स्पेस जोन इंडिया ने मार्टिन ग्रुप की मदद से डेवलप किया है। यह रॉकेट एक मोबाइल लॉन्चर का इस्तेमाल करके उपकक्षीय कक्षा में लॉन्च किया गया। यह अपने साथ 3 क्यूब सैटेलाइट्स और 50 पीको सैटेलाइट्स अंतरिक्ष लेकर गया है।



### एयरो-टेक्नोलॉजी कंपनी ने किया है डेवलप

Space Zone India एक चेन्नई आधारित एयरो-टेक्नोलॉजी कंपनी है। कंपनी का उद्देश्य स्पेस इंडस्ट्री में कम लागत और लंबे समय के लिए एक समाधान तैयार करना है। RHUMI-1 रॉकेट में लिक्विड और सॉलिड फ्यूल प्रणालियों का इस्तेमाल किया गया है। इस वजह से इसकी कार्यक्षमता बढ़ती है और ऑपरेटिंग कॉस्ट कम होती है। इस मिशन में पूर्व ISRO सैटेलाइट सेंटर के निदेशक डॉ. माइलस्वामी अन्नादुरई का मार्गदर्शन भी मिला है।

### जलवायु परिवर्तन के लिए डेटा जुटाएगा रॉकेट

यह रॉकेट जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग पर रिसर्च के लिए डेटा जुटाएगा। RHUMI-1 रॉकेट में एक हाइब्रिड मोटर का उपयोग किया गया है जो कॉमन फ्यूल बेस्ड है। यह पूरी तरह से पायरोटेक्निक-फ्री है और इसमें जीरो परसेंट TNT है। इस मिशन को Space Zone के संस्थापक आनंद मेगालिंगम के नेतृत्व में अंजाम दिया गया है।

## शाह का बड़ा ऐलान

# मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त होगा देश

- NIA की तरह SIA बनाया जाएगा
- नई सरेंडर पालिसी आएगी



**एजेंसी । रायपुर**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू हो गई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानन्द राय, CM साय भी उनके साथ मौजूद हैं। पत्रकारों से चर्चा करते हुए शाह ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि, मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ के साथ अन्य राज्य नक्सल मुक्त हो जायेंगे। पूरा देश नक्सल मुक्त होगा। छत्तीसगढ़ में नई सरकार आने के बाद नक्सल मोर्चे पर बेहतर काम हुए। मैं CM और गृह मंत्री को हृदय से बधाई देता हूं, गृह मंत्री ने हिड़मा के गांव जाकर लोगों को आयुष्मान कार्ड दिया। यह तमाम सुरक्षा बलों से संभव हुआ, यह एक बड़ी विजय है।

### चार दशक में 17 हज़ार लोगों की जान गई

*पत्रकारों से चर्चा करते हुए शाह ने कहा कि, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में केंद्र और राज्य की योजनाओं को पहुंचने में जो बाधा आ रही है, उसे दूर करने पर आज चर्चा की गई है। नक्सलियों पर अंतिम प्रहार करने का समय आ गया है। नक्सली लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि, चार दशक में 17 हज़ार लोगों की जान गई नक्सलियों की वजह से गई है। जिनके हाथों में हथियार हैं उनके हाथ से हथियार छुड़ाना है।*

# एलजी की निगरानी में 'नमो ड्रोन दीदी योजना शुरू

**एजेंसी । नई दिल्ली**



दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना की निगरानी में प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना 'नमो ड्रोन दीदी शुरू की गई है। उपराज्यपाल ने कहा कि ड्रोन दीदी योजना रोजगार के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का सबसे अच्छा साधन है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मिशन का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य देशभर में ग्रामीण महिलाओं को ड्रोन प्रौद्योगिकी के साथ सशक्त बनाना है। राजनिवास से जारी जानकारी के अनुसार, इस योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद उन्हें ड्रोन पायलट लाइसेंस दिया जाएगा। उन्हें किराए पर ड्रोन भी उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनका उपयोग वे विभिन्न गतिविधियों के लिए कर सकेंगी। राजधानी के उत्तरी जिले के सिंघोला और दक्षिणी पश्चिमी जिले के बडू सराय में आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीण महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। दिल्ली में लगभग 200 महिलाओं को ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक ड्रोन दीदी के प्रशिक्षण पर लगभग 25,000 रुपये खर्च किए जाएंगे। सर्वेक्षण, इवेंट शूट, फोटोग्राफी, बीजारोपण, कीटनाशक छिड़काव आदि के लिए ड्रोन का उपयोग किया जा सकेगा।

# गोवा में हिस्ट्रीशीटर ने निशानेबाजों को धमकाया

**एजेंसी । पणजी**

कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद के दौरान तीन खिलाड़ियों को धमकाने के आरोप में एक हिस्ट्रीशीटर पर मामला दर्ज किया गया है। गोवा नॉर्थ के पुलिस अधीक्षक अक्षत कौशल ने यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि घटना शुक्रवार देर रात मापुसा के करसवाड़ा जंक्शन पर हुई। आरोपी शैलेश गरद द्वारा धमकाए जाने के बाद निशानेबाजों को मौके से भागने के लिए अभ्यास हथियार से गोली चलानी पड़ी। एसपी ने बताया, आगामी राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले तीन निशानेबाज एक कार्यक्रम के बाद एक रेस्तरां में खाना खाने के लिए रुके थे। गरद के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित सात मामले दर्ज हैं। गरद ने पार्किंग को लेकर उनसे बहस की। गरद ने ईंट से उनकी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने बताया, एक निशानेबाज ने अपनी एयर पिस्टल निकाली और हवा में गोली चलाई, जिससे बहुत तेज आवाज हुई और गरद डर गया। तीनों निशानेबाज वहां से भागने में सफल रहे। गरद को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

# विभव कुमार की न्यायिक हिरासत 13 सितंबर तक बढ़ी



**एजेंसी । नई दिल्ली**

तीस हजारी अदालत ने शनिवार को स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में आरोपी विभव कुमार की याचिका पर जांच अधिकारी से जवाब मांगा है। विभव ने याचिका में उनके वकील को दिए गए आरोपपत्र और दस्तावेजों के पृष्ठांकन के लिए निर्देश देने की मांग की है। वहीं, अदालत ने बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत भी 13 सितंबर तक बढ़ा दी है। वहीं, न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) गौरव गोयल की अदालत ने जांच अधिकारी से जवाब मांगा। विभव कुमार को तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के जरिए अदालत पेश किया गया। दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। फिलहाल मामला दस्तावेजों की जांच के चरण में है। कुमार की तरफ से अदालत को बताया गया कि पुलिस ने आईपीसी की धारा 308, 354, 354 बी, 506, 509 और 341 लगाई है।

## 'नौकरी के लिए जमीन' मामला

# लालू व तेजस्वी के खिलाफ आरोपपत्र पर संज्ञान स्थगित

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनके बेटे तेजस्वी यादव और आठ अन्य के खिलाफ 'नौकरी के लिए जमीन' घोटाला मामले में ईडी के पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के मामले में अपना आदेश स्थगित कर दिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने शनिवार को अभियोजन पक्ष की शिकायत (ईडी के आरोपपत्र के समकक्ष) पर आदेश को 7 सितंबर तक के लिए टाल दिया, उन्होंने कहा कि फिलहाल इसमें कुछ स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। अदालत के सामने पूरक आरोपपत्र 6 अगस्त को दायर किया गया था।



### ग्रुप-डी की नियुक्तियों से संबंधित है मामला

ईडी ने कहा कि यह मामला मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी की नियुक्तियों से संबंधित है। यह नियुक्तियां साल 2004 से 2009 के बीच राष्ट्रीय जनता पार्टी के नेता लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान की गई थी। आरोप है कि रेलवे में भर्ती होने वाले लोगों से नौकरी के बदले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो के परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के नाम पर उपहार स्वरूप जमीनें ली गई थीं।

# तमिलनाडु की अदालतों में नियुक्त होंगे 233 नए न्यायाधीश : कुमार

**एजेंसी । इरोड**

मद्रास उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश डी कृष्ण कुमार ने शनिवार को कहा कि तमिलनाडु की विभिन्न अदालतों में शीघ्र ही 233 न्यायाधीश नियुक्त किए जाएंगे। न्यायमूर्ति कृष्ण कुमार ने यहां इरोड के जिलाधिकारी कार्यालय में हुए कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मोडाकुरिची तालुक के इलूमाथुर में जिला मुंशिफ-सह-न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, हमने तमिलनाडु



सरकार से राज्य में चल रहे विभिन्न न्यायालयों के लिए 300 से अधिक नए न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की अपील की है और सरकार ने 233 न्यायाधीशों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। न्यायाधीशों की नियुक्ति जल्द ही कर दी जाएगी।

# ओडिशा विधानसभा में एमबीबीएस कोटा को लेकर विपक्ष का हंगामा

**एजेंसी । भुवनेश्वर**

ओडिशा विधानसभा में शनिवार को विपक्षी कांग्रेस और भाजपा सदस्यों ने एमबीबीएस तथा बीडीएस पाठ्यक्रमों के प्रवेश में एसटी, एससी और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए उचित आरक्षण से कथित इनकार को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही शाम 4 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस विधायक दल के नेता राम चंद्र कदम ने शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि एसटी, एससी और ओबीसी छात्र कई सीटें खो रहे हैं, क्योंकि प्रशासन ने उन्हें उचित कोटा देने से इनकार कर दिया है। राज्य की 94 प्रतिशत आबादी वाले एसटी, एससी और ओबीसी को संविधान द्वारा प्रदत्त उचित आरक्षण नहीं मिल पा रहा है।

### राज्य में एसटी और एससी की आबादी का अनुपात 38.75 प्रतिशत



कदम ने कहा, राज्य में एसटी और एससी की आबादी का अनुपात 38.75 प्रतिशत है। लेकिन उन्हें प्रवेश में केवल 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है। इसी तरह, ओबीसी, राज्य की आबादी का 50 प्रतिशत है, को कोई आरक्षण नहीं मिल सका। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि ओबीसी को एमबीबीएस और बीडीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश में 27 प्रतिशत आरक्षण पाने का अधिकार है, लेकिन उन्हें कुछ भी नहीं मिलता।

# कांग्रेस हमारा एजेंडा माने तो गठबंधन को तैयार : महबूबा

- PDP का घोषणा पत्र जारी किया
- आर्टिकल 370 और 35A वापसी का वादा



**एजेंसी । श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और PDP चीफ महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश के स्पेशल स्टेटस से जुड़े आर्टिकल 370 और 35A की वापसी के प्रयास और पाकिस्तान से ट्रेड दोबारा शुरू करने का वादा किया है। महबूबा ने कहा कि हमारी सरकार बनी तो आर्म्ड फोर्सेस को मिली स्पेशल पावर (AFSAPA), आतंक निरोधी कानून (UAPA), पब्लिक सेफ्टी एक्ट (PSA) और एनिमी एक्ट हटाएंगे। उन्होंने घाटी में कश्मीरी पंडितों के लिए 2BHK मकान देने का वादा किया। महबूबा ने कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस से समर्थन के सवाल पर कहा- दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन सीट बंटवारे पर हो रहा है, ना कि एजेंडे पर। अगर दोनों दल हमारी पार्टी का एजेंडा मानेंगे तो हम गठबंधन को तैयार हैं। हमारा सिर्फ एक ही एजेंडा है- जम्मू-कश्मीर की समस्या का समाधान।

# कोयंबटूर में 9 बच्चियों का यौन शोषण

- एक्स्ट्रा-क्लास के नाम पर 2 महीने से शोषण कर रहा था टीचर
- प्रिंसिपल समेत 4 टीचर भी अरेस्ट

**एजेंसी । चेन्नई**

तमिलनाडु के कोयंबटूर के एक स्कूल में 9 छात्राओं के साथ यौन शोषण का खुलासा हुआ है। 9वीं क्लास की एक छात्रा ने जिला बाल संरक्षण विभाग की टीम को बताया कि नटराजन नाम का एक टीचर एक्स्ट्रा क्लास के नाम पर कई महीनों से उसका यौन शोषण कर रहा था। इसके बाद टीम ने स्कूल की अन्य छात्राओं से पूछताछ की। इसमें सामने आया कि नटराजन ने एक- दो नहीं बल्कि 7वीं, 8वीं और 9वीं क्लास में पढ़ने वाली 9 छात्राओं का कई मौकों पर यौन उत्पीड़न किया है। नटराजन स्कूल में इंटरमीडिएट का टीचर था। छात्राओं ने यह भी बताया कि उन्होंने हेडमास्टर और क्लास टीचर को इसकी जानकारी दी थी, लेकिन उन्होंने भी कोई एक्शन नहीं लिया।



### पूरा मामला जानिए...

मामला कोयंबटूर के मेट्टुपालयम के अलंगकोम्बु गांव का है। 12 अगस्त को जिला बाल संरक्षण विभाग (DCPU) की एक टीम यहां के सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल में जांच के लिए आई। इस टीम को स्कूल के बच्चों को यौन हिंसा, बाल विवाह और बाल सहायता केंद्र के बारे में जागरूक करने का जिम्मा सौंपा गया था। टीम को लीड कर रहे जिला बाल संरक्षण अधिकारी हब्शा बच्चों से अकेले में बात कर रहे थे। इसी दौरान 9वीं क्लास में पढ़ने वाली एक स्टूडेंट ने अपने यौन शोषण की बात बताई। टीम ने अगले 6 घंटे तक स्कूल की कई अन्य छात्राओं से बात की। इसमें 9 अन्य छात्राओं के शोषण का खुलासा हुआ। छात्राओं ने हब्शा को बताया कि उन्होंने लगभग सभी टीचर्स को अलग-अलग मौकों पर इसकी जानकारी दी, लेकिन किसी ने भी कोई एक्शन नहीं लिया। कुछ ने तो चुप रहने और मामले को किसी को न बताने की भी हिदायत दी।

# 'SC/ST एक्ट तभी लगेगा जब अपमान में जाति का जिक्र'

- सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को जमानत दी
- दलित विधायक को माफिया डॉन कहा था

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर किसी अनुसूचित जाति-जनजाति के व्यक्ति को उसकी जाति का नाम लिए बगैर अपमानित किया गया है, तो यह मामला SC/ST (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत अपराध नहीं होगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने एक ऑनलाइन मलयालम न्यूज चैनल के एडिटर शाजन स्कारिया को अग्रिम जमानत देते हुए यह फैसला सुनाया। स्कारिया पर 1989 एक्ट की धारा 3(1)(R) और 3(1)(U) के तहत केस दर्ज हुआ था। उन पर आरोप था कि उन्होंने SC समुदाय से आने वाले कुन्नाथुनाड के CPM विधायक पीवी श्रीनिजन को माफिया डॉन कहा था। इस मामले में ट्रायल कोर्ट और केरल हाईकोर्ट ने उन्हें गिरफ्तारी से पहले जमानत देने से इनकार कर दिया था।

### कोर्ट ने कहा- वीडियो का SC/ST समुदाय के लोगों से लेना-देना नहीं

आरोपी स्कारिया की तरफ से एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा और गौरव अग्रवाल ने दलीलें रखीं। जिसे मानते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा- SC/ST समुदाय के किसी सदस्य का जानबूझकर किया गया हर अपमान और उसे दी गई धमकी जाति आधारित अपमान नहीं माना जाएगा। हमें ऐसा कुछ नहीं मिला जो साबित करे कि स्कारिया ने यूट्यूब वीडियो में SC/ST समुदाय के खिलाफ दुश्मनी या नफरत को बढ़ावा देने की कोशिश की है। वीडियो का SC या ST के सदस्यों से कोई लेना-देना नहीं है। उनका निशाना केवल शिकायतकर्ता (श्रीनिजन) ही था।